रोहतक
शुक्रवार, 5 जनवरी 2024
पौष मास कृष्ण पक्ष, नवमी वर्ष : 27, अंक : 344
पृष्ठ 12 मूल्य 3.50

मौसम
अधि. 12.0
न्यून. 4.0

haribhoomi.com


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




05 दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन में जीतने वाला पहला एशियाई देश बना भारत






# केपटाउन में भारत ने रचा इतिहास, 107 ओवर तक ही चला सबसे छोटा टेस्ट मैच

**केपटाउन (एजेंसी)।** भारत ने साउथ अफ्रीका को दूसरे टेस्ट में 7 विकेट से हरा दिया। दोनों टीमें 4 पारियां मिलाकर भी 107 ओवर ही बैटिंग कर सकीं। ये 147 साल के टेस्ट इतिहास का सबसे छोटा मुकाबला रहा, जिसमें नतीजा निकला। रोहित शर्मा साउथ अफ्रीका में टेस्ट जीतने वाले चौथे भारतीय कप्तान बने। केप टाउन में गुरुवार को साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी, लेकिन टीम 55 रन पर ही ऑलआउट हो गई। भारत भी अपनी पहली पारी में 153 रन ही बना सका, हालांकि टीम को 98 रन की बढ़त मिली। साउथ अफ्रीका अपनी दूसरी पारी में 176 रन ही बना सका। टीम 78 रन से आगे रही, इसलिए भारत को 79 रन का टारगेट मिला। टीम इंडिया ने इसे दूसरे सेशन के 12 ओवर में ही 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

**7 विकेट से जीती टीम इंडिया, दो मैच की टेस्ट सीरीज 1-1 से बराबर**

92 साल पुराना रिकॉर्ड ध्वस्त, पांच दिन में दो टेस्ट मैच खत्म

**रोहित द.अफ्रीका में टेस्ट सीरीज ड्रॉ कराने वाले दूसरे भारतीय कप्तान**

## भारत ने 31 साल के इतिहास में पहली बार केपटाउन में कोई टेस्ट मैच जीता

### चला बुमराह का जादू

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के जादुई स्पैल से भारत ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की। बुमराह ने पहले ही ओवर में डेविड बेडिंघम को पवेलियन भेज दिया। बुमराह ने 6 विकेट लेकर अपना स्पैल खत्म किया। पहली पारी में मोहम्मद सिराज ने भी 6 विकेट चटकाए थे।

### ओवर के हिसाब से सबसे छोटा टेस्ट

ओवर फेंके जाने के हिसाब से ये इतिहास का सबसे छोटा टेस्ट मैच रहा। साउथ अफ्रीका ने 60.1 (36.5 और 23.2) ओवर बैटिंग की, जबकि भारत ने 46.5 (34.5 और 12) ओवर बैटिंग की। यानी मैच 107 ओवर में ही खत्म हो गया। इससे पहले सबसे छोटे टेस्ट का रिकॉर्ड 1932 में बना था। तब मेलबर्न में साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट महज 109.2 ओवर चला था। इस मैच में जीत दर्ज कर भारत ने इतिहास रच दिया।

### पांच दिन भी नहीं चले दो टेस्ट

साउथ अफ्रीका और भारत के बीच 2 टेस्ट की सीरीज में 5 दिन का भी खेल नहीं हुआ। पहला टेस्ट 3 दिन तक चला, इसे साउथ अफ्रीका ने पारी और 32 रन से जीता। जबकि दूसरा टेस्ट एक दिन और दूसरे सेशन में ही खत्म हो गया, इसे भारत ने 7 विकेट से जीता। यानी दोनों मुकाबले मिलाकर भी 5 दिन का खेल पूरा नहीं हो सका।

### केप टाउन में भारत ने पहली बार टेस्ट जीता

केप टाउन के न्यूलैंड्स स्टेडियम में भारत ने पहली बार टेस्ट जीता। टीम ने यहां 7 टेस्ट खेले, भारत को 4 में हार मिली, जबकि 2 मुकाबले ड्रॉ भी रहे। भारत ने यहां पहला टेस्ट 1993 में खेला था। रोहित शर्मा केप टाउन टेस्ट जीतने वाले पहले एशियन कप्तान बने।

## खबर संक्षेप

### रश्मि महाराष्ट्र की पहली महिला डीजीपी नियुक्त



**मुंबई।** वरिष्ठ आईपीएस रश्मि शुक्ला महाराष्ट्र की पहली महिला डीजीपी नियुक्त की गई हैं। राज्य के गृह विभाग ने इस आशय का आदेश जारी किया। *एजेंसी*

### कांग्रेस अब भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकालेगी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने 14 जनवरी से शुरू होने वाली भारत न्याय यात्रा का नाम बदल दिया है। अब इस यात्रा का नाम भारत जोड़ो न्याय यात्रा होगा। दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में हुई पार्टी की बैठक में यह फैसला लिया गया। पार्टी ने कहा- भारत जोड़ो यात्रा नाम अब ब्रांड बन चुका है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में बैठक हुई। भाषा

### अगले हफ्ते निलंबन को चुनौती देगा डब्ल्यूएफआई

**नई दिल्ली।** कुश्ती विवाद खत्म होता नहीं दिख रहा है। रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया का निलंबित पैनल और तदर्थ समिति आमने-सामने आ गई हैं। दोनों ही नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन कराना चाहते हैं। संजय सिंह ने कहा कि वह खेल मंत्रालय के डब्ल्यूएफआई के निलंबन के फैसले को कोर्ट में चुनौती देंगे। साथ ही 16 जनवरी को कार्यकारी समिति की बैठक होगी।

## उपराज्यपाल ने दिए जांच के आदेश

# दिल्ली के मोहल्ला क्लीनिक में फर्जीवाड़ा, सीबीआई जांच होगी

भाषा ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मोहल्ला क्लीनिक प्रयोगशाला में कथित फर्जी परीक्षणों की सीबीआई से जांच की सिफारिश की है। राज निवास के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस घटनाक्रम से कुछ दिन पहले सक्सेना ने दिल्ली सरकार के अस्पतालों में उन दवाइयों की कथित आपूर्ति की सीबाआई जांच की सिफारिश की थी, जो मानकों पर खरा उतरने में नाकाम रही थीं। इस बीच, दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) नीत सरकार ने गलत कार्यों को लेकर मोहल्ला क्लीनिक के कई चिकित्सकों और कर्मचारियों को पिछले साल सेवा सूची से हटा दिया था और स्वास्थ्य सचिव को बर्खास्त करने की मांग की।

**प्राइवेट लैब को फायदा**

स्वास्थ्य विभाग की जांच में सामने आया है कि यहां ऐसे मरीजों को लैब टेस्ट कराए जा रहे थे जो वास्तव में थे ही नहीं। इन्हें 'घोस्ट पेशेंट' कहा जाता है। ऐसा प्राइवेट लैब को फायदा पहुंचाने के लिए किया जा रहा था।

**दवा घोटाला: भाजपा**

भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आप ने दारू के बाद दवा घोटाला किया है। क्या इन मोहल्ला क्लिनिक में सीसीटीवी कैमरा थे। अगर थे, तो एक दिन में यहां 500 पेशेंट के आने का फुटेज भी होगा। पिछले महीने ही उपराज्यपाल ने दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में नकली दवाएं होने के आरोप पर चीफ सेक्रेटरी नरेश कुमार को जांच का निर्देश दिया था।

## हरियाणा शिक्षा बोर्ड ने किया ऐलान

# 10वीं, 12वीं और डीएलएड परीक्षाएं 27 फरवरी से शुरू

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने 10वीं, 12वीं व डीएलएड की वार्षिक परीक्षाओं को लेकर गुरुवार को डेटशीट जारी कर दी। बोर्ड परीक्षाएं 27 फरवरी से शुरू होंगी। पेपर एक ही सत्र में दोपहर 12.30 बजे से शाम 3.30 बजे तक होगा। परीक्षा में इस बार 25 फीसदी प्रश्न ऑब्जेक्टिव टाइप के होंगे। डेटशीट बोर्ड की वेबसाइट www.bseh.org.in पर शीघ्र ही अपलोड की जाएगी। भिवानी बोर्ड



**एक ही सत्र में दोपहर 12 :30 बजे से 03 :30 बजे पेपर 27 फरवरी से 2 अप्रैल तक होंगे एग्जाम**

के अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव ने बताया कि सेकेंडरी (शैक्षिक नियमित/मुक्त स्कूल /रि-अपीयर/अतिरिक्त/मर्सी चांस व अंक सुधार) की परीक्षाएं 27 फरवरी से आरम्भ होकर 26 मार्च, 2024 तक चलेंगी। साथ ही सीनियर सेकेंडरी (शैक्षिक नियमित/मुक्त स्कूल /रि-अपीयर/अतिरिक्त/मर्सी चांस व अंक सुधार) की परीक्षाएं 27 फरवरी से आरम्भ होकर 2 अप्रैल, 2024 तक चलेंगी। इसके अतिरिक्त डीएलएड (रि-अपीयर) की परीक्षाएं भी 27 फरवरी से शुरू होकर 21 मार्च तक जारी रहेंगी। उन्होंने बताया कि परीक्षाएं एक ही सत्र में दोपहर 12.30 बजे से 3.30 बजे तक होंगी।

## यमुनानगर में अवैध खनन मामले में रेड, दस्तावेज जब्त

# कांग्रेस विधायक पंवार समेत 3 नेताओं के 20 ठिकानों पर छापे

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने यमुनानगर जिले में कथित अवैध खनन से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के तहत बृहस्पतिवार को खनन कारोबारियों के खिलाफ छापेमारी की। इन कारोबारियों में सोनीपत से कांग्रेस के विधायक सुरेंद्र पंवार, उनके पार्टनर सुरेश त्यागी, करनाल में इनेलो से भाजपा में आए मनोज वधवा और यमुनानगर के इनेलो नेता व पूर्व विधायक दिलबाग सिंह के 20 ठिकाने खंगाले गए। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत यमुनानगर, सोनीपत, मोहाली, फरीदाबाद, चंडीगढ़ और करनाल में दोनों नेताओं और उनसे जुड़ी इकाइयों के 20 परिसरों की तलाशी ली जा रही है। पंवार सोनीपत से हरियाणा विधानसभा के सदस्य हैं, वहीं सिंह इनेलो से यमुनानगर सीट का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। ईडी टीम की सुरक्षा के लिए केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों के सशस्त्र कर्मी मौजूद हैं।

**अर्धसैनिक बल रहे तैनात मनी लॉन्ड्रिंग का शक**
- यमुनानगर से इनेलो के पूर्व विधायक दिलबाग के घर छापा
- करनाल से भाजपा नेता मनोज वधवा के घर दबिश
- यमुनानगर, सोनीपत, फरीदाबाद, चंडीगढ़, मोहाली व करनाल में रेड



सोनीपत। कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार के घर तलाशी लेने पहुंचे अधिकारी।

**ऑनलाइन योजना में धोखाधड़ी की जांच**

केंद्रीय एजेंसी राजस्व और करों के संग्रह को आसान बनाने और खनन क्षेत्रों में कर चोरी को रोकने के लिए 2020 में हरियाणा सरकार द्वारा लाई गई ऑनलाइन योजना में कथित धोखाधड़ी की भी जांच कर रही है।

### घर पर ही थे विधायक

ईडी की टीमें सुबह ही सोनीपत के सेक्टर 15 में कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार के घर पहुंच गईं। उस वक्त विधायक पंवार घर पर ही मौजूद थे। उनकी मौजूदगी में ही उनके घर और ऑफिस में खनन कारोबार से जुड़े डॉक्यूमेंट्स खंगाले जा रहे हैं। एक टीम उनके माइनिंग बिजनेस के पार्टनर सुरेश त्यागी के घर भी पहुंची। वहां भी जांच की जा रही है।

### चुनाव लड़ चुके वधवा

इसके अलावा करनाल में भाजपा नेता मनोज वधवा के घर भी ईडी ने रेड की है। उनका यमुनानगर में खनन का कारोबार है। 2014 में इनेलो की टिकट पर उन्होंने सीएम मनोहर लाल के खिलाफ करनाल से विधानसभा चुनाव लड़ा था। जिसमें वह हार गए। इसके बाद वह भाजपा में शामिल हो गए।

### इनेलो नेता दिलबाग

यमुनानगर के पूर्व विधायक इनेलो नेता दिलबाग सिंह के घर और ऑफिस पर ईडी ने रेड की। दिलबाग सिंह इंडियन नेशनल लोक दल की पार्टी से यमुनानगर के विधायक रह चुके हैं। उन्होंने 2014 में इनेलो से चुनाव लड़ा था, जिसमें वह भाजपा कैंडिडेट घनश्याम दास अरोड़ा से हार गए।

# रामलला, शबरी व निषादराज पर जारी होगा डाक टिकट

**टिकट की कीमत 50 रुपये होगी**

**प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य कार्यक्रम एक घंटा चलेगा**

**अतिथियों को आमंत्रण पत्र के साथ आधार कार्ड दिखाना होगा**

एजेंसी ▸▸ अयोध्या

अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को पीएम नरेंद्र मोदी रामलला, शबरी और निषादराज के डाक टिकट भी जारी करेंगे। इनकी कीमत 50 रुपये होगी। प्रवर डाक अधीक्षक एचके यादव ने यह जानकारी दी है। इससे पहले 5 अगस्त 2020 को पीएम ने रामजन्मभूमि का



डाक टिकट जारी किया था। प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य कार्यक्रम 1 घंटे चलेगा। प्रधानमंत्री मोदी पूरे आयोजन में मौजूद रहेंगे। ट्रस्ट की तरफ से भेजे गए निमंत्रण कार्ड में प्राण प्रतिष्ठा का वक्त 11:30 से 12:30 दिया गया है। शुभ मुहूर्त 12:20 बजे का है। 12 बजकर 29 मिनट पर पीएम राम लला को दर्पण दिखाएंगे। कार्यक्रम में आने वाले अतिथियों को आमंत्रण पत्र के साथ आधार कार्ड भी दिखाना होगा। उनका सामान, मोबाइल और बैग रखने के लिए 12 हजार लॉकर भी बनाए गए हैं।






## अंदर के पन्नों पर


- मिंडा खरखौदा में लगाएगी 1100 करोड़ का प्रोजेक्ट पेज-2
- सोनीपत में अवैध नशा मुक्ति केंद्र पर छापा पेज-3
- केजरीवाल बोले, शराब घोटाला हुआ तो पैसा कहां गया पेज-7


# प्रदेश में छाया घना कोहरा दृश्यता 10 से 25 मीटर रही

हरिभूमि टीम ▸▸ हरियाणा

पहाड़ों पर हो रही भारी बर्फबारी और उत्तर-पश्चिमी हवाओं के चलते प्रदेश में सर्दी हाड़ कंपा रही है। लोगों को कहीं भी राहत नहीं मिल रही है। प्रदेश में गुरुवार की सुबह की शुरुआत घनी धुंध के साथ हुई। कई जिलों में दृश्यता 10 से 50 मीटर तक रही। इसके कारण ट्रेन, सड़क यातायात ठप होकर रह गया है। गुरुवार को हिसार का न्यूनतम तापमन 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह प्रदेश में सबसे ठंडा स्थान रहा। अब दिन व रात के तापमान में सिर्फ 5 डिग्री तक का ही अंतर रह गया है। रात्रि पारा एक बार फिर से गिरने लगा है। वहीं, अधिकतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया। आईएमडी ने शुक्रवार को प्रदेश के कई जिलों में ठंड का येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान घना कोहरा और ठंड बनी रहेगी।



### क्या कहता है मौसम विभाग

मौसम विशेषज्ञ डा. चंद्रमोहन ने बताया कि सम्पूर्ण मैदानी राज्यों पंजाब, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश में गंभीर कोल्ड डे की स्थिति बनी हुई है। अगले चार दिन तक हरियाणा, एनसीआर व दिल्ली में ऐसी ही स्थिति बनी रहेगी।

### 7-8 को बूंदाबांदी की संभावना

प्रदेश में 7 व 8 जनवरी को एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। मौसम में बदलाव व तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। इस दौरान हरियाणा, एनसीआर, दिल्ली में कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी/मावठ होने की संभावना है। ठंड से राहत भी मिलेगी, लेकिन 11 जनवरी के बाद फिर कड़ाके की ठंड पड़ेगी।




## खबर संक्षेप

### जजपा ने महिला सेल का विस्तार किया

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी ने अपने संगठन की पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत 88 महिला पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने विचार-विमर्श के बाद महिला प्रकोष्ठ में 88 वरिष्ठ महिला पदाधिकारियों की नियुक्तियों की सूची जारी की है। जेजेपी ने प्रोमिला शर्मा और सुलोचना ढिल्लों को महिला वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी हैं।

### पदमा योजना से युवा बनेंगे उद्यमी : चौटाला

**महेंद्रगढ़/ चंडीगढ़।** उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि प्रदेश में लगातार सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है और इसका सबसे अधिक फायदा दक्षिण हरियाणा को मिला है। उन्होंने कहा कि हाइवे की बदौलत दक्षिण हरियाणा पिछड़ी से अगड़ी श्रेणी में आ चुका है और अब यह इलाका उद्योग लगाने के लिए सबसे उपयुक्त क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पदमा योजना के तहत युवा उद्यमियों को तैयार करेगी। वे वीरवार को महेंद्रगढ़ जिले में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे।

### एकमुश्त फीस को खत्म करे सरकार: इनेलो

**चंडीगढ़।** विधायक अभय चौटाला ने कहा कि सरकार लगातार जनविरोधी निर्णय लेकर प्रदेश को गर्त में धकेलने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा गठबंधन सरकार ने 2020 में फल और सब्जी पर मार्केट फीस लगा दी थी। पहले यह मार्केट फीस 2 प्रतिशत लगाई उसके बाद पीछले साल दिसंबर में जो फीस पहले ली जा रही थी उसको बढ़ा कर भारी भरकम एकमुश्त फीस वसूलने का फरमान जारी कर दिया गया जो कि किसान और आढ़ती विरोधी निर्णय है।

### एमसीएम में एनएसएस शिविर का शुभारंभ

**चंडीगढ़।** मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय, चंडीगढ़ में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ हुआ। एनएसएस के उद्देश्य के अनुरूप इस बार विषय शक्तिः बिल्डिंग पोटेंशियल थ्रू अपस्किल्स है। चंडीगढ़ प्रशासन में एनएसएस राज्य संपर्क अधिकारी डॉ. नेमी चंद शिविर के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया स्वागत

**पंचकूला।** विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद बृहस्पतिवार को खंड बरवाला के गांव मानक टाबरा में पहुंची। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शिवालिक विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश देवीनगर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर कालका की पूर्व विधायिका लतिका शर्मा भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ओमप्रकाश देवीनगर ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों के पास योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

### आईएमटी खरखौदा को गुरुग्राम की तर्ज पर विकसित करेंगे : मुख्यमंत्री

# यूनो मिंडा लिमिटेड लगाएगी लगभग 1100 करोड़ रुपये का मेगा प्रोजेक्ट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में पिछले 9 वर्षों से हरियाणा निरंतर औद्योगिक विकास की ओर अग्रसर है। सरकार द्वारा निवेशकों को दिए जा रहे विभिन्न प्रोत्साहनों व रियायतों के चलते देश – विदेश के निवेशक हरियाणा की ओर रुख कर रहे हैं। गुरुग्राम के बाद अब आईएमटी खरखौदा भी औद्योगिक विकास की दृष्टि से विकसित होने जा रहा है। खरखौदा में मारुति सुजुकी के मेगा प्लांट के बाद अब यूनो मिंडा लिमिटेड भी लगभग 1100 करोड़ रुपये के निवेश के साथ अपना मेगा प्रोजेक्ट लगाएगी, जिससे इस क्षेत्र का और अधिक विकास होगा। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बुधवार देर सायं हुई हरियाणा उद्यम प्रोत्साहन बोर्ड की 16 वीं बैठक के दौरान यूनो मिंडा लिमिटेड को मेगा प्रोजेक्ट के लिए लगभग 94.32 एकड़ भूमि आवंटित करने की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा, सुजुकी मोटरसाईकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा भी आईएमटी खरखौदा में लगभग 2 हजार करोड़ रुपये के निवेश के साथ मेगा प्लांट लाने के लिए प्रस्ताव दिया है।

**यहां- यहां होगा निवेश**

- मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में हुई हरियाणा उद्यम प्रोत्साहन बोर्ड की बैठक
- आइओसीएल पानीपत के निकट पॉलिस्टर चिप्स उत्पादन के लिए लगेगा केमिकल्स एवं पेट्रोकेमिकल्स का मेगा प्लांट
- मेसर्ज यू फ्लैक्स लिमिटेड करेगी लगभग 600 करोड़ का निवेश करेगी
- आईएमटी रोहतक में मारुति सुजुकी 100 एकड़ में और बढ़ाएगी आर एंड डी



चंडीगढ़। हरियाणा उद्यम प्रोत्साहन बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

बैठक में जानकारी दी गई कि औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा घोषित हरियाणा उद्यम एवं प्रोत्साहन नीति, 2020 के तहत निवेशकों को एक ही छत के नीचे सभी प्रकार की क्लीयरेंस दी जा रही हैं, जिससे हर निवेशक का विश्वास हरियाणा के प्रति बढ़ा है। इसी कड़ी में आइओसीएल पानीपत के निकट पॉलिस्टर चिप्स उत्पादन के लिए केमिकल्स एवं पेट्रोकेमिकल्स का मेगा प्लांट लगने जा रहा है। इसक लिए हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम (एचएसआइआइडीसी) द्वारा यू फ्लैक्स लिमिटेड को आइओसीएल पानीपत रिफाइनरी के पास 14 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। कंपनी द्वारा प्रदेश में लगभग 600 करोड़ रुपये का निवेश होगा और स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान होंगे। पानीपत में प्लांट स्थापित करने से कंपनी को जहां एक ओर कच्चे माल की आसानी से उपलब्धता सुनिश्चित होगी वहीं सरकार को भी राजस्व के नाते भी लाभ होगा।बैठक में बताया गया कि आईएमटी रोहतक में मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) को आवंटित 700 एकड़ भूमि में से 600 एकड़ में भूमि पर एमएसआईएल लगभग 3600 करोड़ रुपये के निवेश के साथ अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी) गतिविधियां पहले से ही संचालित कर रहा है, जिससे लगभग 3400 लोगों को रोजगार मिला है। अब एमएसआईएल ने अपनी इसी यूनिट के विस्तार हेतु शेष 100 एकड़ जमीन को भी लेने की इच्छा व्यक्त की है।

## नवनियुक्त महामंत्रियों के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया मंथन



चंडीगढ़। महामंत्रियों के साथ बैठक करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी।

- पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के रोड शो को लेकर भी चर्चा

**चंडीगढ़।** हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने गुरुवार को पंचकूला में नवनियुक्त प्रदेश महामंत्रियों की बैठक ली। प्रदेश कार्यालय पंचकमल में हुई इस बैठक में आगामी कार्य योजनाओं पर मंथन हुआ। बैठक में 6 जनवरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के रोड शो को लेकर भी रणनीति बनाई गई। प्रदेश महामंत्री नियुक्त करने के दूसरे दिन गुरुवार को प्रदेश अध्यक्ष सैनी की नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बड़ौली, सुरेंद्र पुनिया के साथ यह पहली बैठक थी। इस बैठक में संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा भी उपस्थित रहे।

बैठक शुरू होते ही प्रदेश अध्यक्ष ने सभी नवनियुक्त महामंत्रियों को शुभकामनाएं दी और महामंत्रियों ने भी पुष्प गुच्छ देकर नायब सैनी का आभार जताया और संकल्प दोहराया कि जो उन्हें जिम्मेदारी दी गई है उस पर वे खरा उतरते हुए पार्टी को मजबूत करने काकाम करेंगे। गुरुवार को हुई इस संगठनात्मक बैठक में नायब सैनी ने लोकसभा और विधानसभा चुनावों की रणनीति पर विस्तार से विचार विमर्श किया। बैठक में विकसित भारत संकल्प यात्राओं को और सफल बनाने के लिए काम करने के लिए कहा और जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ सभी तक पहुंचाया जा रहा है।

### प्रतिभा से परिवर्तन अभियान के तहत हरियाणा कांग्रेस कार्यालय में हुए इंटरव्यू

**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस मुख्यालय चंडीगढ़ में एआईसीसी से पहुंची टीम ने प्रतिभा से परिवर्तन अभियान के तहत आवेदन करने वाले लोगों का इंटरव्यू लिया व ग्रुप डिस्कशन की। प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आवेदकों ने पहुंच इस अभियान के प्रति अपनी रुचि दिखाई। और इस दौरान आवेदकों में काफी उत्साह भी देखने को मिला। कांग्रेस टैलेंट हंट प्रोग्राम के जरिए युवाओं को जिला, ब्लॉक, मंडल स्तर पर प्रवक्ता, वक्ता और सोशल मीडिया की टीम के विभिन्न स्तर पर काम करने का मौका दे रही है। इस अभियान के तहत कांग्रेस पार्टी ने राजनीति में कैरियर बनाने के इच्छुक युवाओं के लिए नायाब मौका दिया है।हरियाणा कांग्रेस के मीडिया प्रभारी चांदवीर हुड्डा ने बताया कि कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रतिभा से परिवर्तन वेबसाइट लॉन्च की गई थी।

### गांवों को नशामुक्त बनाने के लिए महिलाओं ने संभाली कमान : डीजीपी

**चंडीगढ़।** पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने प्रदेश भर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बैठक करते हुए उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पुलिस विभाग द्वारा प्राथमिकता क्षेत्रो में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कपूर ने कहा कि प्रदेश को नशा मुक्त बनाना हमारी प्राथमिकताओं में से एक है। इसी कड़ी में हरियाणा पुलिस नशा मुक्त गांव करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल शुरू की गई है। बैठक में बताया गया कि फतेहाबाद जिला के 10 गांवों में महिलाओं का समूह तैयार किया गया जो देर रात्रि गांव में घूम कर नशा करने वाले लोगों पर निगरानी रखता है। इन गांवों में नशा मुक्ति की कमान महिलाएं संभाल रही है। इन महिलाओं द्वारा सूचना एकत्रित करते हुए पुलिस विभाग को इसकी जानकारी दी जाती है ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके। पुलिस अधिकारी भी स्थिति पर नजर रख रहे है।



- फतेहाबाद में चल रहा अभियान

### प्रदेश से उद्योग कर रहे पलायन : पाठक

**फरीदाबाद/रोहतक।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) और राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक ने वीरवार को फरीदाबाद में फरीदाबाद, पलवल, नूंह, रेवाड़ी, गुरुग्राम और शाम को रोहतक में रोहतक, झज्जर और सोनीपत के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस मौके उनके साथ आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता और वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने हरियाणा में बढ़ रही बेरोजगारी और हरियाणा से पलायन कर रहे उद्योगों के मुद्दे पर हरियाणा सरकार को घेरा।




**सरकार की कोई नीति नहीं :** उन्होंने कहा कि हरियाणा से उद्योग पलायन करने को मजबूर हैं, जिसे हरियाणा सरकार बिल्कुल दरकिनार कर रही है। सरकार की उद्योग के लिए कोई भी पॉलिसी नहीं है। इसी खराब नीति की वजह से पिछले साढ़े तीन साल में हरियाणा में 1000 से ज्यादा सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) बंद हो चुके हैं। उद्योग और इन्वेस्टमेंट में अव्वल बनने की क्षमता रखने वाला हरियाणा भाजपा के राज में पिछड़ चुका है। आरबीआई की रिपोर्ट के अनुसार 2022-23 में देशभर में रिलीज बैंक एसिस्टेड फाइनेंस प्रोजेक्ट का केवल 1% हरियाणा में लगा है, जो कि देश में सबसे कम है। व्यापारी अपना बिजनेस बंद करने पर मजबूर हो रहे हैं।

### अपराधों के प्रति जागरूक किया

**चंडीगढ़।** पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के मार्गदर्शन में पलवल पुलिस द्वारा लोगों को साइबर अपराध, महिलाओं व बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराध, यातायात नियमों तथा नशे के दुष्प्रभावो के बारे में जागरूक करने को लेकर अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत पुलिस विभाग की 50 टीमों ने अलग-अलग स्थानो पर जाते हुए लगभग 30 हजार लोगों को यातायात नियमों की पालना करने, महिलाओं का सम्मान करने तथा साइबर ठगी से बचाव उपायो के बारे में तीन संकल्प दिलवाए गए।

### कांग्रेस के प्रदेश कार्यक्रमों के समांतर किसी कार्यक्रम को मंजूरी नहीं : बाबरिया

**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया ने सैलजा, रणदीप सुरजेवाला, किरण चौधरी को झटका दिया है। उन्होंने सैलजा की 'जन संदेश यात्रा' को लेकर स्पष्ट किया है कि मुझसे उनकी यात्रा को लेकर कोई डिस्कशन नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हाईकमान का साफ रुख है कि कांग्रेस प्रदेश कार्यक्रमों के समांतर कोई और कार्यक्रम होगा तो उसको अप्रूव नहीं किया जाएगा। सैलजा ने हाल ही में प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीटों में जन संदेश यात्रा निकालने का 15 जनवरी को ऐलान किया था। उनकी इस यात्रा को लेकर रणदीप सुरजेवाला और किरण चौधरी ने भी खुला समर्थन किया है।

### राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध कटों को तुरंत प्रभाव से बंद किया जाए : शर्मा



- परिवहन मंत्री ने राज्य सड़क सुरक्षा परिषद के बैठक में दिए निर्देश

**चंडीगढ़।** परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग-44 को जीरो टॉलरेंस रोड बनाया जाए। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि इन मार्गों पर सभी अवैध कटों को तुरंत प्रभाव से बंद किया जाए ताकि दुर्घटनाओं पर काबू पाया जा सके। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर जिन ढाबों और पेट्रोल पंपों के सामने अवैध कट बनाए हैं उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। मूलचंद शर्मा यहां आयोजित राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। शर्मा ने कहा कि हमारा उद्देश्य सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं में कमी लाना है। दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए राष्ट्रीय व राज्य राजमार्गों पर अधिक से अधिक पेट्रोलिंग वाहन सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना संभावित बिन्दुओं, स्पीड ब्रेकर व अन्य चीजों पर भी नजर रखें जाए।

# नए साल में बिजली सरप्लस मार्च तक नहीं होगी कटौती

## मरम्मत व ओवरहीलिंग के कारण कई यूनिट बंद

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

नए साल में प्रदेशवासियों को बिजली की आपूर्ति बेहतर ढंग से जारी रहेगी, बिजली कंपनियों की ओर से इसके लिए पर्याप्त व्यवस्था कर ली गई है। मार्च तक किसी भी प्रकार का कोई बिजली संकट और कटौती जैसे आसार नहीं है।आंकड़ों पर गौर करें तो नए साल में एक जनवरी-2024 को 2 करोड़ 11 लाख यूनिट की खपत जहां कृषि क्षेत्र में हुई। इसके अलावा इंडस्ट्री में 3 करोड़ 62 लाख यूनिट खपत हुई है। ग्रामीण घरेलू क्षेत्र में 3 करोड़ 8 लाख यूनिट की खपत हुई जबकि शहरी क्षेत्र में चार करोड़ 49 लाख यूनिट की खपत नए साल के जश्न और बाकी कामों में हुई है।अर्थात दिसंबर अंत में और जनवरी के पहले दिन 13 करोड़ और साढ़े तेरह करोड़ तक बिजली की यूनिट खपत हो रही है। इतना ही नहीं दिसंबर अंतिम सप्ताह में 14 करोड़ 50 लाख यूनिट अंत के 5 दिनों के दौरान खपत हुई है। 25 दिसंबर से लेकर 31 तक हर दिन 14 करोड़ से ऊपर यूनिट प्रति दिन के हिसाब से खपत हुई है। इसके बावजूद विभाग के पास में पर्याप्त मात्रा में पावर की उपलब्धता है। पावर प्लांटों की बात करें, तो पानीपत में 6 और 7 नंबर यूनिट चल रही है जबकि आठ नंबर बंद है। यमुनानगर की एक और दो दोनों यूनिट चालू हैं। बिजली निगमों (कंपनियों) के साथ करार के तहत अडानी पावर की 7 और 8 नंबर यूनिट में चालू है, इसके अलावा इंदिरा गांधी थर्मल पावर प्लांट झज्जर की एक और दो और तीन नंबर यूनिट चालू है। राजीव गांधी थर्मल प्लांट (खेदड़) हिसार की एक यूनिट मेंटेनेंस कारण से बंद और दूसरी चल रही है। गत वर्ष के आंकड़े कुछ इस तरह रहे पिछले साल आंकड़ों पर गौर करें तो हालात इस तरह थेपिछले वर्ष के आंकड़ों पर नजर डालें, तो दिसंबर 2022 में खपत लगभग इस साल के बराबर या फिर कम रही थी। दिसंबर के अंतिम सप्ताह में 26 दिसंबर को 14.23 लाख यूनिट खपत हुई थी।

**सर्दी और गर्मी में नहीं होगी दिक्कत : दास**

हरियाणा पावर यूटिलिटीज चेयरमैन पीके दास का कहना है कि हमारे पास में सरप्लस बिजली है। गर्मी और या फिर कड़ाके की सर्दी किसी भी तरह की कोई दिक्कत नहीं आने देंगे, उन्होंने कहा कि कुछ यूनिटों में मरम्मत आदि के काम चलने के कारण उन्हें बंद किया गया है, डिमांड भी कम है। ये वक्त मेंटेनेंस के लिए ठीक है।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | 12 अदद सब स्टेशनों और 2 अदद कार्यालयों (जे/गढ़ एस/ऑफिस और एस/ऑफिस डीघल) (बेरी) की स्वीपिंग और क्लीनिंग हेतु एकमुश्त अनुबंध। | बंद होने की तिथि 09.01.2024 | ईएमडी 20000/- | www.uhbvn.org.in NIT-34XEN/BERI/2024-25 dated 10.01.2024 | 9315110303 xenopberi@uhbvn.org.in |
| 2 | यूएचबीवीएन | ओपी सब डिवीजन, यूएचबीवीएन शहजादपुर हेतु चालक सहित 1 अदद महिन्द्रा बोलेरो। | बंद होने की तिथि 17.01.2024 | 6000/- | www.uhbvn.org.in NITNO.04/NGH/2023-24 | 9354726356 xenopnaraingarh@uhbvn.org.in |
| 3 | यूएचबीवीएन | एसडीओ ओपी एस/डिवी. यूएचबीवीएन, जुंडला (करनाल) के उपयोग हेतु चालक सहित एक अदद बोलेरो हार्ड टॉप जीप। | बंद होने की तिथि 10.01.2024 | 6000/- प्रत्येक | www.uhbvn.org.in NIT40/VechileSU-II2023-24 Dated 02.01.2024. | 1842268351 xenopsu2karnal@uhbvn.org.in |
| 4 | यूएचबीवीएन | एसडीओ ओपी एस/डिवी. यूएचबीवीएन, मुनक (करनाल) के उपयोग हेतु चालक सहित एक अदद बोलेरो हार्ड टॉप जीप। | बंद होने की तिथि 10.01.2024 | 6000/- प्रत्येक | www.uhbvn.org.in NIT39/VechileSU-II2023-24 Dated 02.01.2024. | 1842268351 xenopsu2karnal@uhbvn.org.in |
| 5 | यूएचबीवीएन | एक्सईएन डिवी. नं. 2, यूएचबीवीएन, करनाल के उपयोग हेतु चालक सहित एक अदद बोलेरी हार्ड टॉप जीप। | बंद होने की तिथि 10.01.2024 | 6000/- प्रत्येक | www.uhbvn.org.in NIT38/VechileSU-II2023-24 Dated 02.01.2024. | 1842268351 xenopsu2karnal@uhbvn.org.in |
| 6 | यूएचबीवीएन | 33 केवी सब स्टेशन लाखनमाजरा, रोहतक में 2 अदद क्वार्टर्स श्रेणी-III का विखण्डन। | बंद होने की तिथि 15.01.2024 | 43379/- | https://etenders.hry.nic.in TENDERNO-82/CCR/2023-24 | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 7 | यूएचबीवीएन | 2 वर्ष हेतु आउटसोर्सिंग के माध्यम से एक्सईएन/ एम एंड पी डिवीजन, यूएचबीवीएन, सोनीपत के कार्यालय में एक्सईएन हेतु अपेक्षित 1 अदद वाहन (बोलरो / जीप) की आपूर्ति। | बंद होने की तिथि 16.01.2024 | 6000/- प्रति वाहन BA-16 के अनुसार केवल | www.uhbvn.org.in NIT-01/M&P/SNP/2024 | 9671685744 xenmnpsonepat@uhbvn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.–13/2024/140/23936/I/88/6 दि. 04.01.24

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा पंचकूला | इन जिलों में सभी सरकारी महाविद्यालयों को 17 जिलों की कैटरिंग के राजकीय महाविद्यालयों में स्टार्ट-अप इंक्यूबेटर-कम-सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना और प्रबंधन करना। | 03.01.2024 24.01.2024 | 1 लाख | www.highereduhry.ac.in | 9988150150 hechrycoordination@gmail.com |
| 2 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में आरडी 0.00 से 0.67 तक डीएम रोड से इंडस्ट्रीज पृथला तक नये रोड का निर्माण। | बंद होने की तिथि 13.01.2024 | 147.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8851491777 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार में निर्माण सदन का निर्माण। | बंद होने की तिथि 18.01.2024 | 1135.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466446125 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | सोहना, जिला गुरुग्राम में नये ब्लॉक जन स्वास्थ्य यूनिट (बीपीएचयू) का निर्माण। | बंद होने की तिथि 24.01.2024 | 38.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज कैथल | गांव पबनावा में अमीचंद चौपाल का निर्माण + 23 कार्य। | 04.01.2024 11.01.2024 | 191.16 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746247248 prexeeng.ktl@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज कलानौर, रोहतक | गांव भाली आनंदपुर, ब्लॉक कलानौर, जिला रोहतक में सतबीर पुत्र हरि सिंह जट्ट के मकान से बड़ा तालाब तक और राममेहर पुत्र भायाराम कुम्हार के मकान से महावीर पुत्र मेहर सिंह जट्ट के मकान तक नाला का निर्माण + 3 कार्य। | 03.01.2024 18.01.2024 | 47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9215555586 SDOPRKALANAUR@GMAIL.COM |
| 7 | पंचायती राज पंचकूला | गांव नाला ब्लॉग, जीपी जबरोट, ब्लॉक पिंजौर में बाबू राम के मकान के निकट नाला पर कल्वर्ट का निर्माण (वीएएनजीवाई)। | 03.01.2024 09.01.2024 | 0.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467807024 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव जगरामबास से गोपी, ब्लॉक बाढड़ा, जिला चरखी दादरी में सम्पर्क रास्ता का निर्माण + 1 कार्य। | 03.01.2024 24.01.2024 | 264.58 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज फतेहाबाद | चुरपुर - गांव चुहड़पुर, ब्लॉक झकाल में एस.डब्ल्यू.एम. शैड का निर्माण + 9 कार्य। | 03.01.2024 10.01.2024 | 62.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज सोनीपत | कब्रिस्तान (कैलाना खास) में चारदिवारी का निर्माण + 3 कार्य। | 03.01.2024 09.01.2024 | 27.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416051838 jitedersingh838@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज कथूरा, सोनीपत | गांव घड़वाल में ठोस कचरा प्रबंधन का निर्माण (जिला परिषद) + 13 कार्य। | 03.01.2024 09.01.2024 | 66.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416051838 jitedersinghsdo957@gmail.com |
| 12 | पंचायती राज सोनीपत | गांव भड़ाना, ब्लॉक सोनीपत में कर्मबीर के मकान से मनोज पुत्र रमेश के खेत तक बीओई रास्ता का निर्माण, जैडपी + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 08.01.2024 | 46.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 vijaypal2315@gmail.com |
| 13 | पंचायती राज भिवानी | एचआरडीएफ - गांव घुसकानी, ब्लॉक व जिला भिवानी में शमशान घाट की शैड, चारदिवारी और पानी की टंकी का निर्माण (स्कीम एचआरडीएफ-2023-2024) + 13 कार्य। | 02.01.2024 07.01.2024 | 109.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 14 | पंचायती राज भिवानी | जैडपी तोशाम - गांव मिरान में शहीद एलटी धर्मवीर सिंह एकेडमी में हॉल कमरे का निर्माण जैडपी + 10 कार्य। | 02.01.2024 07.01.2024 | 130.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 15 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, सिरसा | आरडी 68000-एल एमएमके डिस्टी. पर आरडी 0 से 99000 ऑफटेकिंग तक साडेवा डिस्टी. की रिमॉडलिंग। | बंद होने की तिथि 29.01.2024 | 1039.19 लाख | www.hid.gov.in | 9996665761 xensrs.swd@gmail.com |
| 16 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, नारनौल | गांव कोरियावास जिला महेन्द्रगढ़ में चिकित्सा महाविद्यालय में नहर आधारित जलघर पर कच्चा जल व्यवस्था + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 11.01.2024 | 736.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01282-251214 xen-wsnrl.irr@gov.in |
| 17 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, बहादुरगढ़ | आरडी 42200 से 69310 तक पाइ डिस्टी. की आंतरिक सफाई + 4 कार्य। | बंद होने की तिथि 11.01.2024 | 10.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1276298418 wsdivisionbgarh@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2024/340/23939/I/88/6 दि. 04.01.24




## खबर संक्षेप

### तीन युवक 20 ग्राम हेरोइन सहित काबू

**डबवाली।** सीआईए कालांवाली पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान चौटाला क्षेत्र से कार सवार तीन युवकों को 20 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। आरोपियों की पहचान साहब सिंह पुत्र किकर सिंह, यादविंद्र सिंह पुत्र साहब सिंह निवासी फतेहपुर पंजाब व चंद्रभान पुत्र रामकुमार निवासी चौटाला जिला सिरसा के रूप मे हुई है।

### युवक 9 ग्राम हेरोइन सहित पकड़ा

**कालांवाली।** कालांवाली थाना पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान गांव देसूमलकाना क्षेत्र से एक युवक को 9 ग्राम हेरोइन के साथ काबू किया है। आरोपी की पहचान जगदीप सिंह पुत्र गमदुर सिंह निवासी खोखर जिला बठिंडा के रुप में हुई है। पुलिस ने अरोपी के खिलाफ कालांवाली थाना में माद पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

### बाइक की टक्कर लगने से महिला की मौत

**जींद।** आईटीआई के निकट कैथल रोड पर तेज रफ्तार बाइक ने महिला को टक्कर मार दी। जिसमें महिला की मौत हो गई। राजनगर निवासी रायसिंह ने बताया कि उसकी पत्नी मोहरा देवी (56) कैथल रोड पर सड़क को पार कर रही थी। उसी दौरान तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। जिसमें मोहरा देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। नागरिक अस्पताल में लाए जाने पर उसकी मौत हो गई। बाइक चालक की पहचान राजनगर निवासी अभिषेक के रूप में हुई।

### संदिग्ध परिस्थितियों में लगाई फांसी, मौत

**सफीदों।** गांव सिल्लाखेड़ी में एक व्यक्ति ने संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ पर फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान गांव सिल्लाखेड़ी निवासी सुरेश (50) के रूप में हुई है। सुरेश सफीदों मंडी में एक बुजुर्ग की सेवा-संभाल का कार्य करता था और वह कभी-कभी अपने घर पर जाता करता था। वह बुधवार की सायं को सफीदों से अपने घर के लिए निकला था लेकिन रात को अपने घर पर नहीं पहुंचा।

### वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**सोनीपत।** मलिकपुर-धतुरी सड़क मार्ग पर तेज रफ्तार वाहन ने सड़क पार कर रहे युवक को चपेट में ले लिया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक गांव मलिकपुर निवासी सतबीर (38) बताया गया है।

---

### सीएम फ्लाइंग व स्वास्थ्य विभाग की अवैध नशा मुक्ति केंद्र पर छापेमारी

# 15 की क्षमता वाले केंद्र पर मिले 39 लोग बिस्तर केवल 27, मारपीट के भी आरोप

- तीन साल पहले खत्म हो गया था नशा मुक्ति केंद्र का लाइसेंस

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

मुख्यमंत्री उड़नदस्ते, समाज कल्याण व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीमों ने तीन साल से अवैध रूप से चलाएं जा रहे नशा मुक्ति केंद्र पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान टीम को केंद्र पर काफी अनियमिताएं मिली। टीमों ने केंद्र पर जांच को दौरान क्षमता से अधिक लोगों को पाया गया। टीम की तरफ से जरूरी दस्तावेजों की जांच करने के बाद मामले की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी गई है। समाज कल्याण विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। केंद्र पर क्षमता से अधिक मरीजों सहित नाबालिग मरीज भी मिला है।

स्वास्थ्य विभाग की तरफ से टीम में शामिल डा. संदीप आंतिल ने बताया कि समाज कल्याण विभाग व मुख्यमंत्री उड़न दस्ते की टीमों को सूचना मिली थी कि गोहाना रोड पर पेट्रोल पंप के सामने गली नंबर-13 में अवैध रूप से नशा मुक्ति केंद्र चलाया जा रहा है। मामले में डयूटी मर्सट्रैट के नेतृत्व में टीम का गठन कर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान केंद्र पर काफी अनियमिताएं मिली है। केंद्र को भठगांव निवासी बिजेंद्र, मोई हुड्डा निवासी संदीप व मीना नाम की महिला के नाम से चलाया जा रहा है। विभाग की टीमों ने कागजों की जांच करने व केंद्र पर बरती जा रही लापरवाही की जांच रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेज दी है। इस दौरान डयूटी मर्सट्रैट प्रदीप खोखर, सुनील, श्रवण, राजेश, महावीर, सहित ड्रग्स अधिकारी सहित समाज कल्याण विभाग से अतुल मौजूद रहे।



**सोनीपत।** केंद्र पर भर्ती मरीजों से जानकारी लेते हुए टीम के सदस्य।

#### केंद्र में सुविधाएं नदारद

टीम से मिली जानकारी के अनुसार हर्ष नशा मुक्ति केंद्र पर को चलाने के लिए विभाग की तरफ से 2015 में प्रमाण-पत्र जारी किया गया था। जिसकी वेधता 2020 तक थी। उसके बाद समाज कल्याण विभाग की तरफ से छह महीने के लिए एक्सटेंशन देना बताया जा रहा है। उसके बाद से केंद्र को बिना अनुमति के चलाया जा रहा था। केंद्र पर विभाग की तरफ से दी अनुमति के महज 15 मरीज होने चाहिए थे, लेकिन केंद्र पर छापेमारी के दौरान 39 मरीज मिले है। जिनमें एक मरीज नाबालिग बताया जा रहा है। केंद्र पर 27 बैड मिले जोकि मरीजों की संख्या से काफी कम मिले है।

#### बिना रजिस्ट्रेशन के हो रहा संचालन

हर्ष नशा मुक्ति केंद्र बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित किया जा रहा था। मौके पर रजिस्ट्रेशन की कोई कॉपी नहीं मिली है कि कितने मरीज रख सकते हैं। मेंटल एक्ट पर 2017 के अनुसार पेनल्टी लगाने का प्रावधान है। रिपोर्ट तैयार करे स्टेट बॉडी को लिखा गया है। नशा मुक्ति केंद्र अवैध रूप से चलाया जा रहा है। केंद्र को चलाने वालों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की भी सिफारिश की गई है।

\- डा. संदीप आंतिल।

#### खाना भी खुद ही बनाते थे दाखिल किए मरीज

छापेमारी के दौरान टीम को केंद्र पर मिले मरीजों ने बताया कि उन्हें जबरदस्ती रस्सी से बांधकर रखा जाता था। समय पर उन्हें खाना नहीं दिया जा रहा है। विरोध करने पर मरीजों को बेहरमी से पीटा जाता था।

#### नीचे सोने को मजबूर

केंद्र पर मरीजों की संख्या से कम बेड मिले है। मजबूरी में मरीजों को नीचे सोने पर मजबूर होना पड़ रहा था। केंद्र पर टीम को कोई रसोइया नहीं मिला। मरीजों को खुद ही अपना खाना बनाना पड़ता था। वहीं नशा मुक्ति में रखे गए लोगों की फाइल में जरूरी दस्तावेज नहीं मिले। जो मरीज केंद्र पर भर्ती है उनकी पहचान के लिए फाइलों में आधार कार्ड तक नहीं लगाएं गए है।

---

### महिला ने दर्ज करवाया था दुष्कर्म का केस

# केस वापस लेने के लिए वीएलडीए से ऐंठे 8 लाख

- पुलिस ने महिला समेत चार आरोपियों के खिलाफ किया केस दर्ज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

दुष्कर्म का केस वापस लेने के लिए महिला ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर पशुपालन विभाग में तैनात वीएलडीए को ब्लैकमेल कर उससे आठ लाख रुपये ऐंठ लिए। पैसे लेने का आरोप भूलखेड़ी निवासी कोमल, गांव भीलपुरा निवासी सुमित गुर्जर, वार्ड नंबर पांच साढौरा निवासी सोनिया व अशोक कुमार मेहता पर लगा है। आरोपी महिला ने 12 अगस्त 2023 को साढौरा थाने में वीएडीए के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज करवाया।

#### कुत्ते के इलाज के लिए आई थी अस्पताल में

साढौरा थाना क्षेत्र के गांव गलौडी निवासी रणबीर सिंह ने शिकायत में बताया कि वह पशुपालन विभाग में वीएलडीए के पद पर नौकरी करता है। गांव भूलखेड़ी निवासी कोमल अपने कुत्ते के इलाज के लिए उसके पास अस्पताल में आई थी। उसने कुत्ते को दवाई दे दी। जिसके बाद वह कुत्ते को लेकर अपने घर चली गई। अगले दिन उसके पास कोमल को फोन आया कि दवाई से कुत्ते को कोई आराम नहीं आया है। जिस पर उसने कोमल को कुत्ते को अस्पताल में लेकर आने को कहा। मगर इस दौरान कोमल अकेले ही अस्पताल में आ गई। मगर उसने बिना कुत्ते के दवाई देने से मना कर दिया। इस पर कोमल तैश में आ गई और उसको देख लेने की धमकी दी। कोमल ने साढौरा थाने में 12 अगस्त 2023 को उसके खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज करवा दिया। जब उसके पास थाने से केस के संबंध में फोन आया तो उसे आरोपियों की मिलीभगत का पता चला।

इसके बाद आरोपियों ने दुष्कर्म का केस वापस लेने के लिए उससे आठ लाख रुपये की मांग की। उसने लोकलाज के चलते आरोपियों को आठ लाख रुपये दे दिए। उसने आरोप लगाया कि आरोपियों ने उसके साथ धोखाधड़ी, ब्लैकमेल करके व अपराधिक षडयंत्र के तहत उसके खिलाफ झूठा केस दर्ज करवाया और बाद में उसे नौकरी से हटाने की धमकी देकर और दुष्कर्म का केस वापस लेने के लिए आठ लाख रुपये ऐंठे है।

---

# सरपंच के पति और बेटे पर हुआ हमला

### पंचायती जमीन पर पेड़ काटने को लेकर विवाद

पुलिस ने पेड़ काटने वाले चार ग्रामीणों के खिलाफ दर्ज किया केस, नुकीली चीज से हमला करने का आरोप

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा**

पंचायती जमीन से पेड़ काटने पर विवाद हो गया। गांव के दूसरे पक्ष ने सरपंच पति व उसके बच्चों पर हमला कर दिया। पुलिस ने महिला सरपंच की शिकायत पर 4 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामला गांव अधोया का है। पुलिस को दी शिकायत में गांव अधोया की सरपंच वीना कुमारी ने बताया कि पंचायती जमीन पर पेड़ खड़े हैं, जिन्हें जसबीर सिंह, भजन सिंह, पंकज व विक्की काट रहे थे। इनके खिलाफ उसने पहले भी पुलिस को शिकायत दी गई थी। तब आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई। आरोपी इसी का फायदा उठा दोबारा पेड़-पौधों को काटने लगे।सरपंच ने बताया कि पंचायती जमीन की पैमाइश के लिए बीडीपीओ द्वारा तहसीलदार को लिखा गया था। 2 जनवरी 2024 को पुलिस की उपस्थिति में निशानदेही भी होनी थी। महिला सरपंच ने बताया कि उसका पति कैलाश कुमार व बेटा आशीष कुमार भी मौके पर पुलिस प्रशासन की सहायता के लिए मौजूद थे। इस दौरान जसबीर सिंह अपने अन्य साथियों के साथ मौके पर पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। विरोध होने पर भजन सिंह व उसके साथियों ने पति व बच्चों पर नुकीली चीज से वार कर दिया। आरोपी गोली मारने की धमकी देकर फरार हो गए। महिला सरपंच का आरोप है कि उसके बेटे आशु के गले में सोने की चेन थी, जिसे भजन सिंह झपटा मारकर ले गया। पुलिस ने महिला सरपंच की शिकायत पर आरोपियों के केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पटवारियों की हड़ताल में काननूगो भी शामिल

**हरिभूमि टीम।** पे-ग्रेड बढ़ाने सहित अन्य मांगों को लेकर प्रदेशभर में आंदोलन कर रहे पटवारियों की हड़ताल में अब कानूनगो भी शामिल हो गए हैं। लगातार दूसरे दिन पटवारियों के हड़ताल पर जाने के चलते ज्यादातर जिलों में पटवारखानों पर ताले लटके रहे। जिससे तहसील व राजस्व विभाग कार्यालय में फाइलें लंबित हो गई है। कानूनगो भी हड़ताल कर धरना स्थलों पर पहुंच रहे हैं। तहसील परिसरों में रजिस्ट्री प्रक्रिया जारी रही।

# संकल्प यात्रा के दौरान बड़े पैमाने पर आयुष्मान कार्ड वितरित

- मुख्य सचिव संजीव कौशल ने की विकास योजनाओं की समीक्षा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' में 2 जनवरी तक 32 लाख से अधिक लोगों की भागीदारी रही है। श्री कौशल ने केंद्र और राज्य सरकार की विकास योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि अतिरिक्त मुख्य सचिव सरकार की योजनाओं के कार्यान्वयन की नियमित निगरानी के लिए अतिरिक्त उपायुक्तों के साथ सहयोग करें। उन्होंने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समय-सीमा निर्धारित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद व्यक्तियों को समय पर दिलाना सुनिश्चित करने के लिए बैंकरों के साथ नियमित बैठकें भी आयोजित की जाएं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कार्यक्रमों में 711,130 आयुष्मान भारत कार्ड तत्काल जारी करना व्यापक स्तर पर प्रभावशाली कार्य को दर्शाता है। यात्रा में अब तक लगभग 600,000 लोगो की चिकित्सा जांच की गई जिसमें 400,000 टीबी रोगी और सिकल सेल के 21671 रोगी शामिल है।



## जनसमस्याओं का मौके पर समाधान

**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री मोदी की विकसित भारत संकल्प यात्रा यानी (मोदी की गारंटी की गाड़ी) का कड़कड़ाती ठंड के बीच हरियाणा के लोग गर्मजोशी से स्वागत कर रहे हैं। यात्रा के दौरान प्रदेश सरकार लोगों की न सिर्फ भावनाओं का सम्मान कर रही है, बल्कि उनकी समस्याओं का भी मौके पर ही समाधान करा रही है। लोगों को केंद्र व हरियाणा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ उन्हें योजनाओं का लाभ लेने के तरीके भी बताए जा रहे हैं। यहीं नहीं यात्रा के दौरान सांसद, विधायक और अधिकारी लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं का आकलन करते हैं और निदान की रूपरेखा भी तैयार करते हैं। यही बात लोगों को खूब भा रही हैं। यही वजह कि लोग यात्रा को लेकर खासे उत्साहित हैं और दिन-प्रतिदिन उनकी भागीदारी बढ़ती जा रही है। 35 दिन में यात्रा में 3 लाख 33 हजार 642 लोग अपनी भागीदारी कर चुके हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा गांवों-गांवों में पहुंच रही है। इस दौरान नारी सशक्तिकरण को पूरी तरजीह दी रही है। समाज में सराहनीय काम करने वाली महिलाओं को मौके पर ही सम्मान मिल रहा है। विभिन्न कार्यक्रमों में अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम करने वाली 26217 महिलाओं को पुरस्कृत किया जा चुका है। इसी तरह से 39255 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया है। इसके साथ-साथ 5580 खिलाड़ियों को भी इनाम मिल चुका है।

## राज्यपाल ने लुईस ब्रेल को दी श्रद्धांजलि

**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने राजभवन हरियाणा में आज विश्व ब्रेल दिवस के अवसर पर लुईस ब्रेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और राजभवन में नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाईण्ड हरियाणा राज्य शाखा फरीदाबाद से आए हुए दृष्टि बाधित युवाओं और संस्था के पदाधिकारियों भेंट कर उनसे संवाद भी किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि हर वर्ष 04 जनवरी को ब्रेल लिपि के आविष्कारक लुईस ब्रेल के जन्म के सम्मान में 'विश्व ब्रेल दिवस' मनाया जाता है। लुईस ब्रेल का जन्म 04 जनवरी, 1809 को पेरिस के पास कूपव्रे में हुआ था। वे एक फ्रांसीसी शिक्षक थे, जिन्होंने प्रिंटिंग और लेखन की एक ऐसी प्रणाली विकसित की जिसे ब्रेल लिपि कहा जाता है। दत्तात्रेय ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा दृष्टि बाधित लोगों के कल्याण के लिए पेंशन योजना, उच्चतर शिक्षा में सीट आरक्षित करना, छात्रवृति प्रदान करना, रोजगार में आरक्षण प्रदान करने जैसी अनेक योजनाएं लागू की गई हैं। हरियाणा सरकार ने नेत्रबाधित लोगों के लिए रोहतक, हिसार और पंचकूला में आईबैंक तथा सभी जिलों में नेत्रदान केन्द्र स्थापित किए हुए हैं। साथ ही दृष्टि बाधित समाज को चहुँमुखी विकास की दिशा में आगे बढ़ाने तथा विश्व में हो रहे नवीनतम डिजिटल विकास तथा नवीनतम कानूनों के प्रावधानो से अवगत कराने के साथ-साथ भारत सरकार द्वारा लागू दिव्यांग प्रतिभा निखार योजना, शिक्षण पद्धति में सुधार, प्रशिक्षण से स्व-रोजगार प्रेरणा जैसी योजनाओं से लाभांवित किया जा रहा है।



---

### दो दिन पहले पुराने बस अड्डे पर लगाया गया था बोर्ड

# उद्घाटन से पहले गिरा ट्रैफिक लाइट का शिलान्यास बोर्ड

- दोपहर बाद विधायक ने किया ट्रैफिक लाइट का शिलान्यास

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना**

नरवाना के पुराना बस अडडे पर लगाया गया ट्रैफिक लाईट उदघाटन शिलान्यास बोर्ड को रात को गिराने से हडकप मच गया। नगर परिषद ने आनन फानन मे दूसरा शिलान्यास बोर्ड तैयार करवा दोहर बाद उसका शिलान्यास करवाया। शिलान्यास से पूर्व उसका तोडा जाना दिनभर चर्चा का विषय बना रहा।

#### 45 लाख में लगेगी तीन स्थानों पर ट्रैफिक लाइट

नगर परिषद ने शहर मे बढते ट्रैफिक दबाव को देखते हुए नरवाना मे नया बस अडडे के निकट विश्वकर्मा चौक ,लघुसचिवालय , तथा पुराना बस अडडे के निकट ट्रैफिक लाईट लगाने का निर्णय लिया था। ताकि यातायात नियंत्रित रहे ओर सडक हादसे न हो। जिन पर लगभग 45 लाख रूपये की लागत आनी है। ट्रैफिक लाईट का वीरवार को विधायक रामनिवास सुरजाखेडा द्वारा शिलान्यास किया जाना था। नगर परिषद ने पुराना बस अडडे के निकट शिलान्यास बार्ड दो दिन पहले लगाया गया था। शिलान्यास पटट पर विधायक रामनिवास सुरजाखेडा, चेयरमेन मुकेश मिर्धा, उपप्रधान शशीकांत का नाम लिखा गया था। हालाकि जिन इलाको मे ट्रैफिक लाईट लगनी है। उन इलाको के पार्षदो ने शिलान्यास पटट पर नाम न होने पर नाराजगी जताई थी। हालाकि यह नही पता चल पाया की आखिर शिलान्यास पटट गिरा कैसे। जिसको लेकर तरह तरह के क्यास लगाए जा रहे है। नगर परिषद नरवाना के चेयरमेन प्रतिनिधी लक्ष्मण मिर्धा ने बताया की अभी तक यह नही पता चल पाया है कि किसी शरारती तत्व या किसी पशु ने गिराया है। दूसरा शिलान्यास बार्ड तैयार करवा कर उदघाटन करवा दिया गया। कुछ लोग विकास कार्य मे रोडा अटकाना चाहते है।



**नरवाना।** शिलान्यास से पहले टूटा पड़ा पट्ट।



**नरवाना।** बोर्ड का शिलान्यास करते हुए विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा।

#### आनन फानन मे तैयार करवाया दूसरा बोर्ड

रात को शिलान्यास बोर्ड गिराये जाने पर वीरवार को नगर परिषद ने दोबारा से शिलान्यास बोर्ड बनाया। दोपहर बाद विधायक रामनिवास सुरजा खेडा को बुला कर उसका शिलान्यास करवाया।विधायक रामनिवास सुरजाखेडा ने कहा कि एक-दो व्यक्ति ऐसे है जो नरवाना शहर का विकास नहीं चाहते जो जनता द्वारा नगर परिषद में चुने भी गए है ऐसे लोगों का काम शहर के विकास में सिर्फ और सिर्फ रोडा अटकाने है। उन्होने कहा कि ऐसे लोगो के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही प्रशासन द्वारा की जाएगी।

### इग्नू में चार वर्षीय स्नातक (एफवाईयूपी) कार्यक्रम हुआ लागू

**करनाल।** इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डा. धर्मपाल ने बताया कि इग्नू द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 के तहत चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम (एफवाईयूपी) को लॉच कर दिया गया है। पहले फेज में नए वर्ष में 19 प्रोग्राम को लॉच किया गया है। युनिवर्सिटी के अकेडमिक कौंसिल से इसकी स्वीकृति मिल चुकी है। इग्नू मुख्यालय की और से प्लानिंग एंड डिवलप्मेंट डिवीजन के द्वारा नए वर्ष में इसकी आधिकारिक सुचना जारी कर दी गई है। स्नातक के आट्र्स, साइंस व कॉमर्स संकायों समेत कुल 19 स्नातक कार्यक्रम में फिलहाल एफवाईयूपी फ्रेम वर्क को लागू करने की घोषणा की गई। जनवरी 2024 सत्र में इसके तहत नामांकन किया जाएगा। 19 कार्यक्रमों में से दो कार्यक्रम बैचलर ऑफ आट्र्स और बैचलर ऑफ साइंस में मल्टी डिसीप्लीनरी प्रावधान दिया गया है। एक साथ कई विषयों का चयन किया जा सकता है बाकी बचे 17 कार्यक्रम मेजर हैं। विद्यार्थी तीन वर्ष के बाद डिग्री लेकर एग्जिट कर सकते हैं।

# ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर 7.50 लाख की ठगी

- युवक ने एजेंटों पर मारपीट व ठगी के लगाए आरोप

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर एजेंटों ने एक युवक से 7.30 लाख रुपए हड़प लिए। एजेंटों ने युवक को इंडोनेशिया में 24 दिन तक बंधक बनाकर रखा। मारपीट करते हुए 3500 डॉलर और 2.70 लाख रुपए जबरदस्ती ट्रांसफर करा लिए। आरोपियों के चुंगल से निकल वतन लौटे युवक ने अब एजेंटों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। गांव कंगवाल के मनीष कुमार ने बताया कि दोस्त नवदीप सिंधू के जरिए उसकी मुलाकात विकास ग्रोवर से हुई। विकास ग्रोवर ने उससे 21 लाख रुपए में ऑस्ट्रेलिया भेजने की डील की। उसने अपना पासपोर्ट समेत 4 लाख रुपए विकास ग्रोवर को दे दिए। आरोपी ने उसे कहा था कि पहले आपको इंडोनेशिया भेजेंगे। उसके बाद वहां से ऑस्ट्रेलिया। पीड़ित ने बताया कि 7 अगस्त 2023 को उसने दिल्ली से इंडोनेशिया की फ्लाइट ली। वहां पहुंचने के बाद एजेंट का साथी प्रदीप लांबा मिला। यहां आरोपियों ने उससे 3500 डॉलर छीन लिए। पीड़ित ने बताया कि उसके साथ इंडोनेशिया में बहुत बुरा व्यवहार किया। उसके साथ मारपीट, गाली-गलौज की गई। आरोपी प्रवीण लांबा उसे ब्लैकमेल करने लगा। उसे कहने लगा कि मैं तुझे न तो आगे भेजूंगा और न ही वापस भारत जाने दूंगा। ब्लैकमेल करके आरोपी ने 2.70 लाख रुपए लवप्रीत सिंह के खाते में ट्रांसफर कराए। मनीष कुमार ने बताया कि आरोपियों ने उसे 24 दिन तक एक कमरे में बंधक बनाकर रखा। सिर्फ शाम को दाल-चावल खाने के लिए देते थे। धमकी देते थे कि तुझे वापस नहीं जाने देंगे। आखिर कड़ी मिन्नत करने के बाद प्रवीण लाम्बा ने उसे पासपोर्ट दिया और वह अपने पैसे से टिकट करा वापस अपने घर लौटा। उसका वापस भारत लौटने में 50 हजार रुपए खर्च आया।

### किसान पंजीकृत कराकर एमएसपी पर उत्पाद बेच पाएंगे

# शाह ने तुअर दाल खरीद पोर्टल किया पेश 2027 तक दलहन क्षेत्र में होंगे आत्मनिर्भर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

*दलहनों के मामले मे दिसंबर 2027 तक भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य के साथ सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को तुअर दाल खरीद पोर्टल (मंच) की शुरुआत की। इस पोर्टल के जरिये किसान खुद को पंजीकृत कराने के साथ न्यूनतम समर्थनम मूल्य (एमएसपी) अथवा बाजार मूल्य पर नेफेड और एनसीसीएफ को अपने उत्पाद बेच सकते हैं।*

शाह ने कहा कि भविष्य में उड़द और मसूर दाल के किसानों के साथ-साथ मक्का किसानों के लिए भी इसी तरह की सुविधा शुरू की जाएगी। मंत्री ने मंच के माध्यम से तुअर की बिक्री के भुगतान के लिए 25 किसानों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के जरिये करीब 68 लाख रुपये हस्तांतरित भी किए।

#### बफर स्टॉक रखने सरकार कर रही है खरीदी

सहकारी राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ लिमिटेड (नेफेड) और भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ लिमिटेड (एनसीसीएफ) जैसी दो केन्द्रीय नोडल एजेंसियां दलहन का 'बफर स्टॉक' रखने के लिए सरकार की ओर से दलहनों की खरीद करती हैं'। जब दलहन की कीमतें एमएसपी से नीचे गिर जाती हैं तो ये एजेंसियां मूल्य समर्थन योजना के तहत भी दलहनों की खरीद करती हैं।

#### खुले बाजार में बेचने का विकल्प होगा

पोर्टल की पेशकश के बाद, शाह ने कहा कि बुवाई कार्य से पहले तुअर किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर नेफेड और एनसीसीएफ को अपनी उपज बेचने के लिए पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पंजीकृत तुअर किसानों के पास नेफेड/एनसीसीएफ या खुले बाजार में बेचने का विकल्प होगा।

#### खुले बाजार का मूल्य एमएसपी से ज्यादा होता है

अगर तुअर दाल का खुले बाजार का मूल्य एमएसपी से अधिक होता है, तो उस स्थिति में एक विधि के जरिये औसत दर निकाली जाएगी। भुगतान प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के जरिये किया जायेगा। शाह ने कहा कि अधिकतर किसान दालों की खेती नहीं कर रहे हैं क्योंकि कीमतें सुनिश्चित नहीं होतीं।





#### पहल कृषि क्षेत्र में बड़ा सुधार लाएगी

मंच के जरिये खरीद के साथ यह पहल कृषि क्षेत्र में एक बड़ा सुधार लाएगी और दालों के उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने में मदद करेगी। उन्होंने कहा," तुअर की खरीद किसानों से की जाएगी और यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी है।"

■ भविष्य में उड़द दाल, मसूर और मक्का किसानों के लिए सुविधा

#### लगातार दूसरे वर्ष कम होने का उत्पादन

यह ध्यान देने योग्य है कि तुअर दाल खरीद पोर्टल ऐसे समय में आया है जब दलहन खेती के रकबे में गिरावट के मद्देनजर खरीफ सत्र 2023-24 में घरेलू तुअर उत्पादन लगातार दूसरे वर्ष कम होने का अनुमान है। आम चुनावों से पहले केंद्रीय नोडल एजेंसियों को पर्याप्त बफर बनाए रखने और खुदरा मुद्रास्फीति पर नियंत्रण रखने के लिए अधिकतम मात्रा में खरीद करने की उम्मीद है।

#### तुअर का उत्पादन नीचे आया

वर्ष 2016-17 के खरीफ सत्र में तुअर का उत्पादन 48.7 लाख टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था और उसके बाद के वर्ष में उत्पादन गिर गया और वर्ष 2022-23 में 33.1 लाख टन के निचले स्तर पर आ गया। कृषि मंत्रालय के शुरुआती अनुमान के अनुसार, खरीफ सत्र 2023-24 के लिए तुअर का उत्पादन 34.2 लाख टन होने का अनुमान है।

#### उत्पादन बढ़ाने में मदद

शाह ने कहा कि आगे जाकर, उड़द और मसूर किसानों के लाभ के लिए भी एक खरीद पोर्टल शुरू किया जाएगा। उड़द और मसूर दो अन्य दालें हैं जिनके लिए देश आयात पर निर्भर करता है और सुनिश्चित खरीद होने से इनका उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी।

## शेयर बाजार में दो दिन से जारी गिरावट थमी

एजेंसी ⏭ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में पिछले दो दिन से जारी गिरावट के बाद बृहस्पतिवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 491 अंक के लाभ में रहा। मुख्य रूप से रियल्टी, बिजली और वित्तीय शेयरों में लिवाली से बाजार में मजबूती रही।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 490.97 अंक यानी 0.69 प्रतिशत की बढ़त के साथ 71,847.57 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 598.19 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 141.25 अंक यानी 0.66 प्रतिशत की बढ़त के साथ 21,658.60 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''बाजार में दो दिन की गिरावट के बाद आज तेजी लौटी। इसका मुख्य कारण प्रमुख बैंकों का मासिक कारोबार का बेहतर होना है। इससे कर्ज में अच्छी वृद्धि का संकेत मिलता है। रिहायशी क्षेत्र में अच्छी मांग की उम्मीद में रियल्टी क्षेत्र सर्वाधिक लाभ में रहा। इसे आवास कर्ज का वितरण बेहतर रहने के आंकड़े समर्थन मिला।''



■ सेंसेक्स 491 अंक उछला, निफ्टी 142 अंक बढ़ा

#### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस सर्वाधिक 4.44 प्रतिशत और एनटीपीसी तीन प्रतिशत से अधिक मजबूत हुआ। इसके अलावा इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स, नेस्ले, पावर ग्रिड, इन्फोसिस, बजाज फिनसर्व और एचडीएफसी बैंक में भी प्रमुख रूप से तेजी रही। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में एचसीएल टेक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति और हिंदुस्तान यूनिलीवर शामिल हैं।

**निवेशकों की संपत्ति 3.24 लाख करोड़ रुपए बढ़ी:** बीएसई सेंसेक्स में दो दिन की गिरावट के बाद बृहस्पतिवार को उछाल आने से निवेशकों की संपत्ति 3.24 लाख करोड़ रुपये बढ़ गयी। इससे बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 3,24,010.1 करोड़ रुपये बढ़कर 3,68,32,843.41 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया।

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Sh. Vinay Sharma
Additional Civil Judge
(Senior Division), Jhajjar
Sushila Devi Wd/o Ramesh Kumar S/o
Ram Chander
Vs.
General Public
CNR No. HRJR02-001649-20223
Next Date:- 13-03-2024
PUBLICATION ISSUED TO:
General Public
:-
Jhajjar
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 13-03-2024 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- (VINAY SHARMA)
Additional Civil Judge
(Senior Division) Jhajjar
Dated, this day of 15-12-2023

**Jawaharlal Nehru College of Education**
(Affiliated to CRSU Jind & Recognised by NCTE)
Gudha Road, Gohana (Haryana)
Email ID: jlncgohana@gmail.com, Contact No- 8014601234
Applications are invited for Teaching & Non-Teaching Staff:
For B.Ed. Course
Teaching Staff: Principal (1)
Assistant Professors: Perspective in Education (4), Pedagogy Subjects: Commerce (1), Economics (1), Biological Science (1), Physical Science (1), Mathematics (1), English (1), Hindi (1), Health & Physical Education (1), Fine Arts (1), Performing Arts (1)
Non-Teaching Staff: Librarian (1), Lab Assistant (1), Office-cum-Account Assistant (1), Office Assistant-cum Computer Operator (1), Store-Keeper(1), Technical Assistant (1), Lab Attendants/helpers/Support Staff (3)
Qualification and Experience as per NCTE /CRSU, JIND norms. Apply within 21 Days with relevant documents to the President with a copy to DCDC, CRSU JIND.
President
Jan Kalyankari Society, Gohana

#### गुजरात के पांच सहकारी बैंकों पर जुर्माना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपने नियमों के अनुपालन में विभिन्न खामियों के लिए गुजरात के पांच सहकारी बैंकों को दंडित करते हुए उनपर पिछले एक महीने में 50,000 रुपये से लेकर पांच लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया है। केंद्रीय बैंक ने बृहस्पतिवार को अलग-अलग बयानों में कहा कि 13 दिसंबर, 2023 को जारी आदेश में उसने वडोदरा के श्री भारत सहकारी बैंक पर अन्य बैंकों में जमा रखने संबंधी उसके दिशानिर्देशों के अनुपालन में विफल रहने के साथ 2016 के जमा पर ब्याज नियमों का उल्लंघन करने के लिए पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया। आरबीआई ने कहा कि इन पांच बैंकों में से प्रत्येक पर जुर्माना विनियामक अनुपालन में कमियों पर आधारित है और इसका उद्देश्य बैंक द्वारा अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता पर आदेश देना नहीं है।

## विलय, अधिग्रहण सौदे 2023 में 51 प्रतिशत घटे

एजेंसी ⏭ मुंबई

वैश्विक वित्तपोषण में कमी का असर घरेलू कंपनियों के विलय एवं अधिग्रहण सौदों पर भी पड़ा है। यह 2023 में 51 प्रतिशत घटकर तीन साल के निचले स्तर 83.8 अरब डॉलर पर रहा।

वास्तव में एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी लि. के विलय से सौदा राशि कुछ ठीक रही। दोनों वित्तीय संस्थानों का विलय कंपनी जगत के इतिहास में अबतक का सबसे बड़ा सौदा है। वित्तीय बाजार के आंकड़े देने वाली एलएसईजी डील्स इंटेलिजेंस (पूर्व में रिफिनिटीव) की रिपोर्ट के अनुसार अगर एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी लि. के 60.4 अरब डॉलर के विलय सौदे को हटा दिया जाए तो सौदा मूल्य 23 प्रतिशत और कम हो जाएगा। वैश्विक स्तर पर सौदे को लेकर कमजोर परिवेश के कारण बीते वर्ष कुछ ही बड़े सौदें पूरे हो पाए। एलएसईजी डील्स इंटेलिजेंस के वरिष्ठ प्रबंधक एलेन टान ने बृहस्पतिवार को कहा कि इसके परिणामस्वरूप तीन अरब डॉलर मूल्य से अधिक का केवल एक सौदा हुआ और यह सौदा 60.4 अरब डॉलर का एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी के बीच था। वहीं 2022 में तीन अरब डॉलर से अधिक मूल्य के पांच सौदे हुए थे।



■ तीन साल के निचले स्तर 83 अरब डॉलर पर

#### पूंजी कुछ सस्ती होने की उम्मीद

इससे पूंजी कुछ सस्ती होने की उम्मीद है। इसको देखते हुए 2024 में चुनाव के बाद और देशभर में विलय एवं अधिग्रहण गतिविधियों में तेजी आ सकती है। उल्लेखनीय है कि रूस और यूक्रेन के बीच फरवरी, 2022 में संघर्ष शुरू होने के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनिश्चितता बढ़ने से मार्च से वैश्विक वित्तपोषण में कमी आई है।

## प्रीमियम खंड में मजबूत स्थिति चाहती है वीवो

**नई दिल्ली।** स्मार्टफोन विनिर्माता कंपनी वीवो ने 'वीवो एक्स100' श्रृंखला के फोन पेश करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। कंपनी का लक्ष्य 'प्रीमियम' खंड में अपनी उपस्थिति मजबूत करना है।

वीवो की ओर से जारी बयान के अनुसार, नई एक्स100 सीरीज में एक्स100 प्रो और एक्स100 शामिल है। ये जेडईआईएसएस कैमरे से लैस हैं और इसकी कीमत 63,999 रुपये से अधिक होगी। वीवो इंडिया के उत्पाद प्रबंधन प्रमुख विकास टैगरा ने कहा, ''एक्स100 श्रृंखला उपभोक्ताओं को बेहतरीन 'मोबाइल फोटोग्राफी' अनुभव प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।''

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :—

SW/JSO/1314

मनकि अशोक कुमार पुत्र रघबीर सिंह पुत्र टेकचन्द, निवासी एंव बिस्वेदार गाँव लाडपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2022—23 व इंतकाल न0 2590, 2611, 2613 तबादला, के अनुसार अराजी खेवट न0 157मिन/117, खाता न0 160 मिन, मु0 न0 19, किला न0 8(8—0), 9/2(7—7), 12(8—0), 13/1(0—9), 13/2(2—0), 19/1(1—16), 19/2(6—4), 22(7—11), मु0 न0 24, किला न0 2(8—0), 9(7—9), मु0 न0 38, किला न0 8/2(6—0), 13/1(4—0), किते 12, तादादी रकबा 66 कनाल 16 मरले का 121687/893784 भाग, बकदर 9 कनाल 1.89 मरले का मालिक व काबिज है जिसमें से कुल रकबे का 71/1336 भाग, बकदर 3 कनाल 11 मरले (0.44375 एकड़) बाका रकबा मौजा लाडपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 19, किला न0 8 मिन मध्य (3—11), किता 1, तादादी रकबा 3 कनाल 11 मरले (0.44375 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 04.01.2024

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0—285, सैक्टर—14,
गुरूग्राम — 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

## कमजोर संकेतों से चांदी 1900 रुपसे लुढ़की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय बाजारों से कमजोरी के संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 420 रुपये की गिरावट के साथ 63,550 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,970 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,900 रुपये की भारी गिरावट के साथ 76,900 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 78,800 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। विदेशी बाजारों में मंदी के रुझान के बाद दिल्ली के बाजार में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 420 रुपये की गिरावट के साथ 63,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही थीं।' अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोना गिरावट के साथ 2,042 डॉलर प्रति औंस और चांदी नुकसान के साथ 23.05 डॉलर प्रति औंस रही। गांधी ने कहा कि कॉमेक्स में सोने की कीमतें दो सप्ताह के निचले स्तर पर आ गईं क्योंकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों को कम करने की योजना के बारे में अनिश्चितता ने व्यापारियों के बीच जोखिम-मुक्त भावना को बढ़ावा दिया।

■ सोने में 420 रुपए की गिरावट

## चंडीगढ़ पहुंचे नड्डा, आज लेंगे बैठक



**चंडीगढ़।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा देर रात हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता के आवास पर पहुंचे। जहां विस स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता और पार्टी प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष आज सुबह दस बजे पार्टी कार्यालय में मुख्यमंत्री मनोहर लाल, अन्य नेताओं के साथ नवनियुक्त जिला अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**उत्तर रेलवे**

**''अम्बाला मंडल, उत्तर रेलवे में एन.एस.जी.—5 तथा एन.एस.जी.—6 श्रेणी के स्टेशनों पर ''स्टेशन टिकट बुकिंग एजेन्ट'' को तीन वर्ष के लिये अधिकृत करने के लिए निविदाएं आमंत्रित करना।''**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा मोहरबंद निविदाएँ इच्छुक उम्मीदवारों से स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट की नियुक्ति हेतु 52 स्टेशनों पर 03 वर्षों की अवधि के लिए आमंत्रित किए जाते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | NIT संख्या एवं दिनांक | C-37/BKG/STBA/Policy/UMB/Pt.II/2021 दिनांक 02.01.2024 |
| 2. | रेलवे की वेबसाइट | www.nr.indianrailways.gov.in |
| 3. | निविदा पत्र डाउनलोड करने की प्रारम्भिक तिथि | 06.01.2024 |
| 4. | निविदा पत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | 09.02.2024 को 14:00 बजे |
| 5. | निनिदा पत्र जमा करने की तिथि एवं समय | 09.02.2024 को 10:00 बजे से 15:00 बजे |
| 6. | निविदा पत्र खुलने की तिथि एवं स्थान | 09.02.2024 को 15:30 बजे (O/o वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, अंबाला छावनी, हरियाणा-133001) |
| 7. | स्टेशनों के नाम | अलाल, भरतगढ़, गिल्ल, हिम्मताना, हंडियाया, लेहरा मुहब्बत, मियांपुर, रायपुर हरियाणा, शंभू, सराय बंजारा, साधूगढ़, कुप, कोटी, कलानौर, किला रायपुर, बठिंडा छावनी, सेखा, सोघी, बड़ोग, बहादुर सिंह वाला, चावापैल, छीटावाला, धवलान, धारू, दौनकलाँ, दुखेडी, गुम्मन, गुरने, जुतोघ, कट्टनोह, कंडाघाट, कैथलीघाट, कौली, कौलसेडी, कुमारहटी, समरहिल, सलोगड़ा, सोनवाडा, टकसाल, तारादेवी, खरड, साहिबजादा अजीत सिह नगर मोहाली, बुल्लुअना, पिलखनी, केसरी, पक्की, पंजकोसी, बस्सी पठाना, भुचो, मुस्तफाबाद, सरसवा |
| 8. | निविदा पत्र का मूल्य (गैर—वापसी) | रु. 1000/— +18% जी.एस.टी. कुल राशि रु. 1180/— जो कि वरिष्ठ मण्डल वित्त प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी के नाम डिमांड ड्राफ्ट के रूप में देय हो। |
| 9. | ब्याना धरोहर राशि (वापसी योग्य) | 2000/— NSG-6 व 5000/— NSG-5 के लिये जो कि वरिष्ठ मण्डल वित्त प्रबन्धक, उत्तर प्रदेश, अंबाला छावनी के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के रूप में देय हो। |

निविदा पत्र वरिष्ठ मण्डल वाणिज्यि प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी के कार्यालय से रु. 1180/— के नगद भुगतान (मनी रिसीप्ट) करके अथवा डिमांड ड्राफ्ट जमा करके भी प्राप्त किए जा सकते हैं। **नोट:** आवेदक को आवेदन पत्र हिंदी या अंग्रेजी में भरना व जमा करना होगा। यदि कोई आवेदक दोनों भाषाओं में आवेदन पत्र जमा करता है, तो रेलवे प्राधिकरण आवेदन को अस्वीकार कर सकता है।
सं. सी—37/एसटीबीए/बी.के.जी./पॉलिसी/अम्बाला/2021
दिनांक:—02.01.2024 31/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राशिफल

**मेष** — संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** — खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** — संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** — आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** — किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## एक दिन में मुकेश अंबानी और मस्क से आगे निकले गौतम अदाणी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नए साल की शुरुआत कई अरबपतियों के लिए खास नहीं रही। लेकिन अदाणी ग्रुप के चेयरमैन ने साल की धमाकेदार शुरुआत करके कई अमीरों को पीछे छोड़ दिया। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स ने इस साल में किस अरबपति की कितनी संपत्ति बढ़ी है उसे लेकर रिपोर्ट जारी की. जिसके अनुसार साल की शुरुआत से लेकर अब तक गौतम अदाणी की संपत्तिमें 5.64 अरब डॉलर का जोरदार उछाल आया। सुप्रीम कोर्ट ने अदाणी-हिंडनबर्ग मामले में फैसला सुनाया। जिसके बाद से गौतम अदाणी की संपत्ति तेजी से बढ़ रही है। केवल बुधवार को एक ही दिन में संपत्ति में 4.01 अरब डॉलर की वृद्धि हुई। जिसके बाद अब वे दुनिया के अरबपतियों की सूची में 14वें नंबर पर पहुंच गए। इस साल की शुरुआत से लेकर अब तक के अडानी टॉप गेनर हैं। पिछले साल वे टॉप लूजर की सूची में थे।



■ अदाणी की संपत्ति में 5.64 अरब डॉलर का जोरदार उछाल आया


#### एलन मस्क टॉप लूजर की लिस्ट में शामिल

साल 2024 की शुरुआत से लेकर अब तक पिछले साल के टॉप गेनर एलन मस्क की संपत्ति में 9 अरब डॉलर की कमी हो गई। जिसके बाद वे इस साल के टॉप लूजर की लिस्ट में शामिल हुए। केवल बुधवार को ही उनकी संपत्ति 7.13 अरब डॉलर कम हुई। हालांकि अभी भी वे दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति का खिताब संभाले हैं। उनकी 220 अरब डॉलर नेटवर्थ है।

#### सूची में बेजोस दूसरे स्थान पर

अमेजन के पूर्व सीईओ जेफ बेजोस दुनिया के सबसे अमीरों की सूची में दूसरे नंबर पर आ गए। जहां पहले बर्नार्ड अर्नाल्ट थे। अर्नाल्ट की संपत्ति में 11.6 अरब डॉलर की कमी हुई। जिसके बाद उनकी नेटवर्थ 167 अरब डॉलर हो गई।

### शब्द पहेली - 5385



**बाएँ से दाए-**
1. दयालु. उदार-5
4. गगन, आकाश-4
7. सरिता-2
8. चोगा, गाऊन-3
9. छुट्टी, अवकाश-2
10. आबे हयात, काबा कूप-4
11. रिहा-2
13. खाना, भोजन करना-3
14. जिद-2
15. हिम्मत, बल-3
17. कारागार-2
19. रइसे आजम, सूरी-5
22. दुत्कारना, डांटना-5
25. सराबोर-2
26. भोर, सवेरा-3
28. मूल्य, कीमत-2
29. महीन, बहुत छोटा-3
30. फूंक, दम, सुट्टा -2
32. झंकार, प्रतिध्वनि-4
34. उष्णता, ज्वर-2
36. ओट, चिलमन-3
37. छोटा टुकड़ा-2
38. सराबोर, सना हुआ-4
39. निर्माता, रचना करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. कैदी, बंधक-2
2. मुलायम-3
3. यात्री पोत, तैरता होटल-5
4. उर्दू में अभिवादन-3
5. पिटाई, चोट-2
6. नाजुकता-4
7. नया जीवन-5
10. मर्यादा-4
12. खाली, रिक्त-2
16. लाईन, पंक्ति-3
17. गर्मी का महीना-2
18. उदर-2
20. दीनहीन, दरिद्र-3
21. लश्कर, फौज-2
22. नष्ट, अद्वैतभाव-2
23. व्यवसाय, धंधा-4
24. नाम रखना -2,3
25. होशियार-5
26. सुर आलाप-2,2
27. अधिकार-2
31. प्रतिज्ञा-3
33. आकांक्षा, अभिलाषा-3
35. राह, मार्ग-2
37. टैक्स, हाथ-2

**शब्द पहेली - 5384 का हल**



### सूडोकु नवताल- 5395

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5394 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

## खबर संक्षेप



### महिला बधिर प्रीमियर लीग टी10 टूर्नामेंट 8 से

**मुंबई।** महिला बधिर प्रीमियर लीग टी10 के पहले टूर्नामेंट का आयोजन यहां आठ से 11 जनवरी तक किया जाएगा जिसमें छह टीम खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगी। भारतीय बधिर क्रिकेट संघ के अनुसार पंजाब लायंस, यूपी वारियर्स, मुंबई स्टार्स, दिल्ली बुल्स, हैदराबाद ईगल्स और बेंगलोर बादशाहाज की टीम 12 मैच की इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट के विजेता को एक लाख रुपये की इनामी राशि दी जाएगी जबकि उप विजेता को 50 हजार रुपए मिलेंगे। सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

### आक्रामक रुख अपनागी ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम



**नवी मुंबई।** लेग स्पिनर जॉर्जिया वेयरहैम ने गुरुवार को यहां कहा कि बेहतर स्थिति में होने के दौरान आक्रामक रुख अपनाकर ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम भारत के खिलाफ दबदबा बरकरार रखने में सफल रही है और तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भी यही रुख कायम रखेगी। ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ कभी द्विपक्षीय एकदिवसीय श्रृंखला नहीं गंवाई है। भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ने 31 में से 23 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले जीते हैं जबकि छह मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा।

### टेस्ट श्रृंखला कम से कम तीन मैच को हो



**मेलबर्न।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख निक हॉकले ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका का न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए दूसरे दर्जे की टीम भेजने के बाद सभी को सतर्क हो जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने टेस्ट श्रृंखला में कम से कम तीन मैचों का आयोजन करने की वकालत की। हॉकले ने कहा, 'यह सभी के लिए एक चेतावनी है। बच्चों और नए लोगों को इस खेल से जोड़ने में टी20 की भूमिका को कम करके नहीं आंका जा सकता। हमारा विश्वास है कि यह दोनों प्रारूप एक साथ चल सकते हैं।'

### अगले हफ्ते निलंबन को चुनौती देगा डब्लूएफआई

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ खेल मंत्रालय द्वारा लगा निलंबन को अगले हफ्ते अदालत में चुनौती देगा और आगे की रणनीति पर चर्चा के लिए उसने 16 जनवरी को यहां कार्यकारी समिति की बैठक भी बुलाई है।

**क्रिकेट : 31 साल बाद मिली जीत, टीम इंडिया ने 7 विकेट से द.अफ्रीका को हराया**

# भारत केपटाउन में टेस्ट मैच जीतने वाला पहला एशियाई देश, सीरीज 1-1 से बराबर

एजेंसी ▸▸ केपटाउन

भारत ने टेस्ट इतिहास के अब तक के सबसे छोटे मैच में दक्षिण अफ्रीका पर सात विकेट की जीत से दो मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की। भारत की न्यूलैंड्स पर सात प्रयासों में यह पहली जीत है। केपटाउन के न्यूलैंड्स ग्राउंड पर भारत पहली बार कोई टेस्ट मैच जीता है। 31 सालों का इंतजार आखिरकार समाप्त हुआ। यह केपटाउन में सिर्फ भारत की नहीं, बल्कि किसी भी एशियाई टीम की पहली जीत है। पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश अब तक यहां नहीं जीत पाया।

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने गुरुवार को ऐसा खतरनाक स्पैल डाला कि दक्षिण अफ्रीका लंच से ठीक पहले दूसरी पारी में 36.5 ओवर 176 रन पर ढेर हो गई जिससे भारत को जीत के लिए 79 रन का लक्ष्य मिला। यह लक्ष्य भारत ने 12 ओवर में तीन विकेट पर 80 रन बनाकर टीम को पांचवें सत्र के अंदर जीत दिलाई। जीत के लिए बुमराह और मोहम्मद सिराज के प्रदर्शन के लिए याद रखा जाएगा। सिराज ने अपने कॅरियर के सर्वश्रेष्ठ छह विकेट के प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका को पहली पारी में 55 रन पर समेटने में मुख्य भूमिका निभाई थी।



### बुमराह ने किया कमाल

बुमराह ने छह विकेट लेने के साथ कई रिकॉर्ड बनाए। वह अफ्रीकी धरती पर तीन बार पांच विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय बने। उनसे पहले जवागल श्रीनाथ ने ऐसा किया था। अफ्रीकी धरती पर विकेट लेने के मामले में भी वह मोहम्मद शमी को पीछे छोड़ते हुए तीसरे स्थान पर पहुंच गए। बुमराह के नाम 38 विकेट हैं। श्रीनाथ 40 विकेट और कुंबले 45 विकेट उनसे आगे हैं।



### डब्लूटीसी अंक तालिका

| रैंक | टीम | मैच | जीत | हार | ड्रा | अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भारत | 4 | 2 | 1 | 1 | 26 |
| 2 | द.अफ्रीका | 2 | 1 | 1 | 0 | 12 |
| 3 | न्यूजीलैंड | 2 | 1 | 1 | 0 | 12 |
| 4 | ऑस्ट्रेलिया | 7 | 4 | 2 | 1 | 42 |
| 5 | बांग्लादेश | 2 | 1 | 1 | 0 | 12 |
| 6 | पाकिस्तान | 4 | 2 | 2 | 0 | 22 |
| 7 | वेस्ट इंडीज | 2 | 0 | 1 | 1 | 4 |
| 8 | इंग्लैंड | 5 | 2 | 2 | 1 | 9 |
| 9 | श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 |

### रोहित की कप्तानी कौशल का नतीजा

कप्तान रोहित के लिए बतौर कप्तान क्रिकेट के चार बड़े देश दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया में पहला टेस्ट जीतना शानदार है लेकिन इसमें उनके द्वारा लिए गए फैसलों से उनका कप्तानी कौशल दिखाई दिया। मुकेश कुमार (चार विकेट) को शार्दुल ठाकुर के स्थान पर खिलाना अच्छा फैसला रहा। पहले टेस्ट में सेंचुरियन में मिली पारी और 32 रन की हार के बाद गेंदबाजों ने गेंदबाजी करने की आदर्श लेंथ भी जानी। बुमराह और सिराज ने पहली पारी में जिस तरह पिच के मिजाज को परखा, वह काबिलेतारीफ रहा जो इस बात का उदहारण है कि मौजूदा पीढ़ी करारी हार के बाद भी घुटने नहीं टेकती।



### रोहित ने की धोनी की बराबरी

*रोहित श्रृंखला बराबर होने से महेंद्र सिंह धोनी (2010-11) के बाद दक्षिण अफ्रीका में श्रृंखला ड्रा कराने वाले दूसरे कप्तान बन गए। हालांकि दक्षिण अफ्रीका अब भी भारत के लिए अजेय किला बना हुआ है क्योंकि वह इस देश में अब तक कोई भी टेस्ट श्रृंखला नहीं जीत सका है।*

### अफ्रीका में भारत की जीत

| साल | जगह | नतीजा |
|---|---|---|
| 2006 | जोहान्सबर्ग | 123 रन से जीता |
| 2010 | डरबन | 87 रन से जीता |
| 2018 | जोहान्सबर्ग | 63 रन से जीता |
| 2021 | सेंचुरियन | 113 रन से जीता |
| 2024 | केपटाउन | 7 विकेट से जीता |

### स्कोर बोर्ड

| दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मार्कराम का शर्मा बो सिराज | 106 | 103 | 17 | 2 |
| एल्गर का कोहली बो मुकेश | 12 | 28 | 2 | 0 |
| डिजोर्जी का राहुल बो मुकेश | 01 | 07 | 0 | 0 |
| स्टब्स का राहुल बो बुमराह | 01 | 14 | 0 | 0 |
| बेडिंघम का राहुल बो बुमराह | 11 | 12 | 2 | 0 |
| वेरेयने का सिराज बो बुमराह | 09 | 07 | 1 | 0 |
| यानसेन का एवं बो बुमराह | 11 | 09 | 2 | 0 |
| महाराज का अय्यर बो बुमराह | 03 | 04 | 0 | 0 |
| रबाडा का शर्मा बो प्रसिद्ध | 02 | 12 | 0 | 0 |
| नैनद्रे बर्गर नाबाद | 06 | 20 | 1 | 0 |
| एनगिडी का जायसवाल बो बुमराह | 08 | 10 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 36.5 ओवर में 176/10
गेंदबाजी : बुमराह 13.5-0-61-6, सिराज 9-3-31-1, प्रसिद्ध 10-2-56-2, मुकेश 4-1-27-1.

| भारत दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का स्टब्स बो बर्गर | 28 | 23 | 6 | 0 |
| रोहित शर्मा नाबाद | 17 | 22 | 2 | 0 |
| शुभमन गिल बो रबाडा | 10 | 11 | 2 | 0 |
| कोहली का वेरेयने बो यानसेन | 12 | 11 | 2 | 0 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 04 | 06 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 09, कुल : 12 ओवर में 80/3
गेंदबाजी : रबाडा 6-0-34-1, बर्गर 4-0-29-1, यानसेन 2-0-15-1

## स्टंपिंग, कन्कशन सब्स्टीट्यूट के नियमों में आईसीसी का संशोधन

एजेंसी ▸▸ दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने खेल की स्थितियों में उल्लेखनीय बदलाव किया है, जिसके अनुसार अंपायर अब निर्णय समीक्षा प्रणाली रेफरल के दौरान विकेट के पीछे कैच पर विचार किए बिना स्टंपिंग के लिए केवल 'साइड ऑन रीप्ले' का आकलन करेंगे।

नियमों में यह संशोधन 12 दिसंबर 2023 से लागू हो गया है। इसके अनुसार यदि कोई टीम स्टंप आउट की जांच के दौरान विकेट के पीछे कैच के लिए भी रेफरल लेना चाहती है तो उसे अलग से डीआरएस का विकल्प चुनना होगा। पिछले साल भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच श्रृंखला के दौरान ऑस्ट्रेलिया के



विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने टीम के डीआरएस का उपयोग किए बिना स्टंपिंग के बाद विकेट के पीछे कैच के लिए भी रेफरल का इस्तेमाल किया था। लेकिन अब नए नियम लागू होने के बाद स्टंपिंग के लिए की गई अपील में केवल साइड ऑन कैमरे की छवि को ही दिखाया जाएगा और अंपायर केवल उसी पर गौर करेंगे। वह इसकी जांच नहीं करेंगे की गेंद बल्ले को छूकर गई है या नहीं।

### कन्कशन के लिए नियम

आईसीसी ने कन्कशन के लिए स्थानापन खिलाड़ी लेने को लेकर भी नियमों को स्पष्ट किया है। अब स्थानापन खिलाड़ी को तभी गेंदबाजी करने की अनुमति दी जाएगी जबकि मूल खिलाड़ी को गेंदबाजी करते समय 'कन्कशन' के कारण हटना पड़ा हो। विश्व क्रिकेट की संचालन संस्था ने इसके साथ ही मैदान पर चोट के आकलन और उपचार के लिए चार मिनट का समय भी तय कर दिया है।

### भारत का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 मैच आज

**नवी मुंबई।** इस साल होने वाले टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए भारतीय महिला क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से यहां शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में खेल के हर विभाग में सुधार करने की कोशिश करेगी। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम में काफी सुधार की जरूरत है क्योंकि उसने इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला 0-3 से गंवाई थी जबकि इंग्लैंड ने भी उसे तीन मैच की टी20 श्रृंखला में हराया था। भारत ने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक-एक टेस्ट मैच जीते लेकिन सीमित ओवरों की क्रिकेट में अभी टीम को काफी कुछ करने की जरूरत है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में भारतीय टीम का क्षेत्ररक्षण अच्छा नहीं रहा था और उसे तीन रन से हार का सामना करना पड़ा था जबकि तीसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया के आठ विकेट पर 338 रन के जवाब में भारतीय बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए और पूरी टीम 148 रन पर आउट हो गई।

## वार्नर ने बनाए 34 रन, ऑस्ट्रेलिया और पाक मैच में बारिश का खलल

एजेंसी ▸▸ सिडनी

डेविड वार्नर अपने विदाई टेस्ट मैच की पहली पारी में 34 रन बनाकर आउट हुए जबकि ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में गुरुवार को यहां खराब रोशनी और बारिश के कारण दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 116 रन बनाए। खराब रोशनी और बारिश के कारण दूसरे दिन केवल 46 ओवर का खेल ही संभव हो पाया। पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 313 रन बनाए थे और इस तरह से ऑस्ट्रेलिया अभी उससे 197 रन पीछे है।

जब अंपायरों ने दूसरे दिन का खेल समाप्त घोषित किया तब मार्नस लाबुशेन 23 और स्टीव स्मिथ 6 रन पर खेल रहे थे। दूसरे सत्र में पहले खराब रोशनी के कारण खेल रोका गया। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर दूधिया रोशनी का प्रकाश था लेकिन इसके बावजूद खेल रोक दिया गया जो दर्शकों को नागवार गुजरा। कुछ पूर्व खिलाड़ियों ने भी इस फैसले की आलोचना की। स्टेडियम में मौजूद 25000 दर्शक खेल शुरू होने की उम्मीद में बैठे रहे लेकिन उसके बाद बारिश आ गई जिसके कारण आगे खेल नहीं हो पाया।



## कोको गॉफ का ऑकलैंड टेनिस में शानदार जीत



एजेंसी ▸▸ ऑकलैंड

अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉफ ने गुरुवार को यहां चेक गणराज्य की किशोरी बारबरा फ्रुहविर्टोवा को 6-3, 6-0 से पराजित करके ऑकलैंड टेनिस क्लासिक के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

चेक गणराज्य की 16 वर्षीय खिलाड़ी ने गॉफ को शुरुआत में चुनौती दी लेकिन अमेरिका की अनुभवी खिलाड़ी ने जल्द ही मैच पर नियंत्रण बनाकर सीधे सेटों में जीत दर्ज की। गॉफ क्वार्टर फाइनल में फ्रांस की आठवीं वरीयता प्राप्त वरवारा ग्रेचेवा से भिड़ेंगी। ग्रेचेवा ने स्विट्जरलैंड की लुलु सुन को 6-3, 6-4 से हराया। एक अन्य मैच में सातवीं वरीयता प्राप्त पेट्रा मार्टिच ने छह ऐस लगाए और नौ में से चार ब्रेक प्वाइंट को भुनाकर चीन की युआन यू को 6-2, 6-2 से हराया। क्वार्टर फाइनल में मार्टिच का मुकाबला अमेरिका की एम्मा नवारो से होगा।

## जनवरी-फरवरी में होगी अंडर-15 और अंडर-20 चैंपियनशिप

- तदर्थ पैनल ने किया ऐलान

भाषा ▸▸ नई दिल्ली

भारत में कुश्ती का संचालन कर रही भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की तदर्थ समिति पिछले साल के लिए 2024 जनवरी-फरवरी में अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन करेगी ताकि पहलवानों का एक महत्वपूर्ण साल खराब नहीं हो। जूनियर पहलवानों ने बुधवार को बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट पर गुस्सा निकालते हुए जंतर मंतर पर प्रदर्शन किया था। समिति ने युवा पहलवानों की चिंता को समझा, जिनका करियर पिछले एक साल से शीर्ष पहलवानों के विरोध के कारण अधर में लटका हुआ है। जनवरी 2023 के बाद राष्ट्रीय शिविर या जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन नहीं



किया गया है। तीन सदस्यीय पैनल के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बाजवा ने गुरुवार को एक बयान में कहा, 'भारतीय कुश्ती महासंघ के लिए गठित तदर्थ समिति 2024 के जनवरी-फरवरी में 2023 की अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन करेगी।' 'इसमें उन्होंने कहा, 'प्रतिभागियों का आयु मानदंड ऐसा ही रखा गया है जैसा राष्ट्रीय चैम्पियनशिप कैलेंडर वर्ष 2023 में आयोजित होती तो होता ताकि चैम्पियनशिप 2024 के जनवरी-फरवरी में आयोजित होने से किसी भी खिलाड़ी का कोई नुकसान नहीं हो।'

### प्रणति दास को राष्ट्रीय जिम्नास्टिक में दो स्वर्ण

**भुवनेश्वर।** रेलवे की जिम्नास्ट प्रणति दास के लिए गुरुवार का दिन यादगार रहा जब उन्होंने यहां कलात्मक जिम्नास्टिक सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 'पैरलल बार' और 'फ्लोर एक्सरसाइज' स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते जबकि ऑल-अराउंड महिला वर्ग में दूसरे स्थान पर रहीं। प्रणति की टीम की साथी प्रणति नायक के लिए भी दिन अच्छा रहा। उन्होंने वॉल्ट में स्वर्ण और बैलेंस बीम में कांस्य पदक जीता।

### पेरिस सेंट जर्मेन ने जीती चैंपियंस ट्रॉफी

**पेरिस।** किलियन एमबापे और ली कांग के गोल की मदद से फ्रेंच लीग चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन ने फ्रेंच कप विजेता टूलूज़ को 2-0 से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। ली ने तीसरे मिनट में ही ओसुमाने डेम्बले की मदद से गोल करके पीएसजी को बढ़त दिला दी थी। टूलूज़ के पास 18वें मिनट में बराबरी का गोल करने का मौका था लेकिन गेब्रियल सुआजो गोल करने से चूक गए। एमबापे ने 44वें मिनट में गोल करके पीएसजी की जीत सुनिश्चित की। यह उनका इस सत्र में 23 मैच में 22वां गोल था। वह 2017 में पीएसजी से जुड़ने के बाद इस क्लब के लिए 234 गोल कर चुके हैं जो एक रिकॉर्ड है।




**सभी की निगाह अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा पर टिकी**

# रणजी ट्रॉफी में चमक बिखेरने उतरेंगे खिलाड़ी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश के विभिन्न स्थानों पर शुक्रवार से शुरू होने वाली रणजी ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता में जहां नए खिलाड़ी अपना प्रभाव छोड़ने की कोशिश करेंगे वहीं कुछ पुराने खिलाड़ी अपनी खोई प्रतिष्ठा हासिल करने के लिए जीजान लगाएंगे।

भारत की टेस्ट टीम में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभाग में खिलाड़ी लगभग तय हैं ऐसे में देश की प्रमुख क्रिकेट प्रतियोगिता में कोई असाधारण प्रदर्शन ही चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित कर पाएगा। इंग्लैंड के खिलाफ इस महीने के आखिर में



शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में बहुत अधिक बदलाव होने की संभावना नहीं है। इसके बाद भारतीय खिलाड़ी सीमित ओवरों की क्रिकेट में ही व्यस्त रहेंगे जिसमें आईपीएल और जून में होने वाला टी20 विश्व कप भी शामिल है। रणजी ट्रॉफी में सभी की निगाह अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा पर टिकी रहेगी जो अभी भारतीय टेस्ट टीम से बाहर चल रहे हैं। यह दोनों खिलाड़ी बड़े स्कोर बनाकर अपनी दावेदारी बरकरार रखने की कोशिश करेंगे।

रहाणे 41 बार के चैंपियन मुंबई की अगुवाई भी करेंगे। इसी तरह से पिछले सत्र में सर्वाधिक 990 रन बनाने वाले कर्नाटक के मयंक अग्रवाल भी बड़ी पारियां खेल कर राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के लिए अपना दावा मजबूत करने की कोशिश करेंगे।

### युवाओं पर सलेक्टर्स की नजर

कई युवा खिलाड़ी हैं जो अपना प्रभाव छोड़ने के लिए बेताब है। इनमें मुंबई के सरफराज खान भी शामिल हैं जो पिछले कुछ सत्र में अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे। तेज गेंदबाजी की 'बेंच स्ट्रेंथ' को मजबूत करने की चर्चा चल रही है। ऐसी परिस्थितियों में कर्नाटक के विद्युत कावेरप्पा, वैसाख विजयकुमार, गुजरात के अर्जन नागवासवाला और बंगाल के इशान पोरेल जैसे युवा तेज गेंदबाज अपना प्रभाव छोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। जहां तक स्पिनरों की बात है तो राजस्थान के 21 वर्ष के बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुतार पर निगाह टिकी रहेंगी जिन्होंने पिछले सत्र में आठ मैच में 44 विकेट लिए थे।

भारतीय वायु सेना INDIAN AIR FORCE
JOIN INDIAN AIR FORCE AS AGNIVEERVAYU

INDIAN AIR FORCE INVITES ONLINE APPLICATIONS FROM UNMARRIED INDIAN MALE AND FEMALE CANDIDATES FOR SELECTION TEST FOR AGNIVEERVAYU INTAKE 01/2025 UNDER AGNIPATH SCHEME

Online Registration dates : From 1100h on 17 January 2024 to 2300h on 06 February 2024.
Online Examination dates : From 17 March 2024 onwards.
Webportal for registration : https://agnipathvayu.cdac.in
Date of Birth Block : Born between 02 January 2004 and 02 July 2007 (both dates inclusive)
Educational Qualification :

(a) Science Subjects

Candidates should have passed **Intermediate/10+2/ Equivalent examination** with **Mathematics, Physics and English** from Education Boards recognized by Central, State and UT with minimum **50% marks** in aggregate and **50% marks in English**.

OR

Passed **Three years Diploma Course in Engineering** (Mechanical / Electrical / Electronics / Automobile / Computer Science / Instrumentation Technology / Information Technology) from Central, State and UT recognized Polytechnic institute with **50% marks in aggregate** and **50% marks in English** in Diploma Course (or in Intermediate/Matriculation, **if English is not a subject in Diploma Course**).

OR

Passed **Two years Vocational Course with non-vocational subject viz. Physics and Mathematics** from Education Boards recognized by Central, State and UT with **50% marks in aggregate** and **50% marks in English** in Vocational Course (or in Intermediate / Matriculation, **if English is not a subject in Vocational Course**).

(b) Other than Science Subjects

Passed Intermediate / 10+2 / Equivalent Examination in any stream/subjects from Education Boards recognized by Central, State and UT with minimum **50% marks in aggregate** and **50% marks in English**.

OR

Passed two years Vocational Course from Education Boards recognized by Central, State and UT with minimum **50% marks** in aggregate and **50% marks** in English in Vocational Course (or in Intermediate / Matriculation if **English is not a subject in Vocational Course**).

Note - 1: Candidates eligible for Science Subjects examination (Including Intermediate/ 10+2/three years diploma course in engineering or two years vocational course with non-vocational subjects of Physics and Maths) are also eligible for Other than Science Subjects and would be given an option of appearing in both Science Subjects and Other than Science Subjects examination in one sitting while filling up the online registration form.

**Registration & Examination Fee : Rs. 550/- plus GST.**

FOR DETAILED INFORMATION ON ENTRY LEVEL QUALIFICATION, MEDICAL STANDARDS, TERMS & CONDITIONS, INSTRUCTIONS FOR FILLING UP ONLINE APPLICATIONS AND REGISTRATION FOR AGNIVEERVAYU INTAKE 01/2025 LOG ON TO https://agnipathvayu.cdac.in

Scan QR code for information and registration of application

CBC10803/11/0010/2324

## निमंत्रण पत्र की पहली तस्वीर आई सामने

# प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण पत्र पर भव्य मंदिर और 'बालरूप प्रभु राम' की तस्वीर

आमंत्रितों की सूची में सात हजार से अधिक लोगों के नाम हैं, जिनमें पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, मौजूदा क्रिकेटर विराट कोहली, बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन और अरबपति उद्योगपति मुकेश अंबानी व गौतम अडाणी शामिल।

भाषा ▶▶ अयोध्या

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण पत्र निर्माणाधीन मंदिर की भव्यता को प्रदर्शित कर रहे हैं, इसमें मंदिर की एक भव्य तस्वीर के साथ ही 'बालरूप प्रभु राम' की तस्वीर को भी दर्शाया गया है। बड़े आकार और सुंदर डिजाइन वाले निमंत्रण पत्र में एक पुस्तिका भी है, जिसमें राम जन्मभूमि आंदोलन में शामिल रहे कुछ प्रमुख व्यक्तियों का संक्षिप्त परिचय दिया गया है। 22 जनवरी को मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के लिए अयोध्या को सजाया जा रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसमें शामिल होंगे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, मंदिर के ट्रस्ट श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की आमंत्रितों की सूची में सात हजार से अधिक लोगों के नाम हैं, जिनमें पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, मौजूदा क्रिकेटर विराट कोहली, बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन और अरबपति उद्योगपति मुकेश अंबानी व गौतम अडाणी शामिल हैं। मेहमानों को निमंत्रण पत्र भेजे जा रहे हैं। ट्रस्ट के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि निमंत्रण पत्र हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में छपवाए गए हैं। अतिथि सूची में बड़ी संख्या में साधु-संत और कुछ विदेशी आमंत्रित लोग भी शामिल हैं।

सुंदर डिजाइन वाले निमंत्रण पत्र में एक पुस्तिका भी

राम जन्मभूमि आंदोलन में शामिल रहे व्यक्तियों का संक्षिप्त परिचय



### राम मंदिर की एक छवि के नीचे 'श्री राम धाम' और उसके नीचे 'अयोध्या' छपा हुआ

प्रत्येक निमंत्रण पत्र में मुख्य निमंत्रण पत्र, प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पत्र, राम जन्मभूमि आंदोलन की यात्रा और प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इसमें भूमिका निभाने वाले लोगों का परिचय देती एक पुस्तिका शामिल है। मुख्य निमंत्रण पत्र के कवर पर राम मंदिर की एक छवि है और इसके नीचे 'श्री राम धाम' और उसके नीचे 'अयोध्या' छपा हुआ है। मुख्य निमंत्रण पत्र के कवर पर "अपूर्व अनादिक निमंत्रण (हिन्दी) भी छपा हुआ है। इसमें यह भी उल्लेख है कि प्राण प्रतिष्ठा के लिए शुभ मुहूर्त दोपहर 12:20 बजे है और तारीख सोमवार, 22 जनवरी, 2024 है। अंदर, समारोह कार्ड में उल्लेख किया गया है कि समारोह प्रधानमंत्री, भारत, नरेन्द्र मोदी, आरएसएस सरसंघचालक मोहन भागवत, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की गरिमामय उपस्थिति में होगा। प्रसिद्ध टीवी धारावाहिक रामायण में भगवान राम और देवी सीता की भूमिका निभाने वाले अभिनेता क्रमशः अरुण गोविल और दीपिका चिखलिया को भी समारोह में आमंत्रित किया गया है।

### कार्यक्रम का विवरण

निमंत्रण पत्र में कार्यक्रम का समय के साथ विवरण है। अतिथियों के आने का समय सुबह 11:30 बजे रखा गया है। 11:30 से 12:30 बजे तक गर्भगृह में प्राण प्रतिष्ठा होगी। 12:30 बजे से अतिथियों का भाषण होगा। फिर मंदिर में दर्शन प्रारंभ हो जाएंगे। इस कार्ड में मेहमानों के लिए कुछ निर्देश और निवेदकों के नामों का भी जिक्र है।

### शंकराचार्य ने किया प्राण प्रतिष्ठा में जाने से इनकार

जगन्नाथपुरी मठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा कि मोदी लोकार्पण करेंगे, मूर्ति को स्पर्श करेंगे। मैं वहां ताली बजाकर जय-जय करूंगा। मुझे अपने पद की गरिमा का ध्यान है। इसलिए मेरा जाना उचित नहीं है। राजनेता अपने दांव खेलते रहते हैं। शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती बुधवार को त्रिवेणी मेला में शामिल होने रतलाम पहुंचे थे। यहां उन्होंने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि मोदी नमन, मिलन, दमन, अंकन, गमन इन सभी कूटनीति में माहिर हैं। उनकी कूटनीति को समझना काफी कठिन है।



## खबर संक्षेप

### चुनाव के लिए भाजपा की स्थिति अनुकूल नहीं

**शिरडी (भाषा)।** एनसीपी के संस्थापक शरद पवार ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले देश में राजनीतिक स्थिति भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए अनुकूल नहीं है। उन्होंने भाजपा के 400 से अधिक सीट जीतने संबंधी दावे को खारिज करते हुए कहा कि वह कई राज्यों में सत्ता से बाहर है।



### सुभासपा ने भाजपा से मांगी उप्र की पांच सीट

**लखनऊ (भाषा)।** भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने गठबंधन के तहत चुनाव लड़ने के लिए उत्तर प्रदेश की पांच और बिहार की चार लोकसभा सीट मांगी है।



### घरेलू हिंसा के मामलों में कमी आई : रेखा शर्मा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने कहा कि कोविड-19 महामारी की अवधि में आयोग द्वारा घरेलू हिंसा को लेकर दर्ज की गई शिकायतों की संख्या बढ़ गई थी, लेकिन अब इसमें कमी आई है। शर्मा ने कहा कि कोविड अवधि के दौरान घरेलू हिंसा के मामलों में वृद्धि हुई थी।



### विफलताएं छिपाने को केंद्र उठा रहा भावनात्मक मुद्दे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए भावनात्मक मुद्दे उठा रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया।



## ईडी के समन पर आप और भाजपा के बीच जुबानी जंग तेज

# केजरीवाल बोले- शराब घोटाला हुआ तो पैसा कहां गया, भाजपा मेरी गिरफ्तारी चाहती है

### भाजपा का पलटवार-चोरी और भ्रष्टाचार किया, इसलिए जांच से भाग रहे

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने के लिए गिरफ्तार करना चाहती है। यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने भाजपा पर उनकी छवि खराब करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनकी ईमानदारी ही उनकी "सबसे बड़ी संपत्ति" है। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल तीसरी बार बुधवार को ईडी के समन पर पेश नहीं हुए। केजरीवाल (55) ने आरोप लगाया, "मेरे वकीलों ने मुझे बताया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन गैरकानूनी हैं। भाजपा मुझे लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने के लिए गिरफ्तार करना चाहती है।" केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने ईडी को पत्र लिखकर कहा है कि उनके समन "अवैध" हैं लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं मिला है। वहीं, अरविंद केजरीवाल के आबकारी नीति घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के तीसरे समन पर पेश नहीं होने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मुख्यमंत्री केजरीवाल पर जांच से भागने का आरोप लगाया। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, "आप नेता शोर मचा रहे हैं कि उनके मुख्यमंत्री कभी भी गिरफ्तार हो सकते हैं। उन्होंने चोरी और भ्रष्टाचार किया है और अब वे हंगामा कर रहे हैं।" सचदेवा ने कहा, "जांच एजेंसी ने आपको प्रमाण देने का मौका दिया है, लेकिन आप भाग रहे हैं और भगोड़े की तरह व्यवहार कर रहे हैं।'

#### मेरी सबसे बड़ी दौलत ईमानदारी

केजरीवाल ने कहा कि मेरी सबसे बड़ी दौलत मेरी ईमानदारी है। वे मेरी छवि खराब करके मुझे तोड़ना चाहते हैं।" केजरीवाल ने कहा कि आठ महीने पहले जब उन्हें केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बुलाया था तो वह एजेंसी के सामने पेश हुए थे। उन्होंने दावा किया, "लोकसभा चुनाव से पहले मुझे क्यों बुलाया जा रहा है? ऐसा इसलिए है क्योंकि भाजपा मुझसे पूछताछ नहीं चाहती बल्कि वह ईडी द्वारा गिरफ्तार कराना चाहती है।" मुख्यमंत्री ने रेखांकित किया कि आबकारी नीति घोटाले का आरोप लगाया जा रहा है, लेकिन ऐसा कोई घोटाला नहीं हुआ है और जेल में बंद किसी भी आप नेता के खिलाफ कोई सबूत नहीं है। उन्होंने कहा, "मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और विजय नायर इसलिए जेल में नहीं हैं कि वे भ्रष्टाचार में शामिल थे बल्कि इसलिए कि वे भाजपा में शामिल नहीं हुए। हम उनसे (भाजपा वालों से) लड़ने में सक्षम हैं क्योंकि हम भ्रष्टाचार में शामिल नहीं हैं।'



#### केजरीवाल भगोड़े की तरह व्यवहार कर रहे : सचदेवा

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मुख्यमंत्री केजरीवाल पर जांच से भागने का आरोप लगाया। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, "आप नेता शोर मचा रहे हैं कि उनके मुख्यमंत्री कभी भी गिरफ्तार हो सकते हैं। उन्होंने चोरी और भ्रष्टाचार किया है और अब वे हंगामा कर रहे हैं।" सचदेवा ने कहा, "जांच एजेंसी ने आपको प्रमाण देने का मौका दिया है, लेकिन आप भाग रहे हैं और भगोड़े की तरह व्यवहार कर रहे हैं।" भाजपा प्रवक्ता बांसुरी स्वराज ने कहा कि केजरीवाल भूल रहे हैं कि वह कानून से ऊपर नहीं हैं। स्वराज ने कहा, "ईडी ने तीन समन भेजे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री जांच से भाग रहे हैं। वह जांच में शामिल नहीं होना चाहते।' केजरीवाल को ईडी से तीसरा समन मिला था। इससे पहले भी वह दो नवंबर और 21 दिसंबर को ईडी के समन पर पेश नहीं हुए थे।



#### फिर नया समन जारी कर सकता है प्रवर्तन निदेशालय

प्रवर्तन निदेशालय दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा एजेंसी के सामने पेश होने से इनकार करने के संबंध में भेजे गए जवाब की समीक्षा कर रहा है और कथित आबकारी नीति मामले की जांच में शामिल होने के लिए उन्हें चौथा समन जारी कर सकता है। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। ईडी की ओर जारी समन पर बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने उसके सामने पेश होने से इनकार कर दिया था और यह भी कहा था कि एजेंसी का दृष्टिकोण कानून, समानता या न्याय की कसौटी पर खरा नहीं उतर सकता है और ईडी की यह "जिद" 'जज, जूरी और जल्लाद' की भूमिका निभाने के समान है।

## सीट शेयरिंग को लेकर कांग्रेस-टीएमसी में दरार

# अधीर रंजन बोले- ममता बनर्जी पीएम मोदी की खुशामद में लगीं

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के कांग्रेस प्रमुख अधीर रंजन चौधरी ने राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर आरोप लगाया है कि वे लोकसभा चुनाव के लिए राज्य की सीटों का ईमानदारी से बंटवारा नहीं कर रही हैं। उनकी असली मंशा सामने आ गई है। दरअसल, एक दिन पहले ही जानकारी सामने आई थी कि ममता ने कांग्रेस को दो सीटें देने की बात कही है। अधीर ने इसी को लेकर बयान दिया है। अधीर ने कहा कि ममता इस वक्त पीएम मोदी की खुशामद में लगी हैं।



#### ममता गठबंधन की राजनीति नहीं चाहती

ममता गठबंधन की राजनीति नहीं करना चाहती हैं। अगर वे गठबंधन की राजनीति करेंगीं तो पीएम मोदी गुस्सा हो जाएंगे। और मोदी जी को जिस बात पर गुस्सा आता है, ममता दीदी वो काम नहीं करती हैं। ममता पर भरोसा नहीं किया जा सकता- अधीर अधीर ने कहा कि ममता बनर्जी कह रही हैं वे राज्य में कांग्रेस को दो सीटें देंगी। ये दो सीटें वे हैं, जो कांग्रेस पहले ही जीत चुकी है।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना पूरा हुआ

# शासन के तीनों अंगों की सर्वसम्मति से अनुच्छेद 370 हटाया : धनखड़

**कठुआ (भाषा)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बृहस्पतिवार को कहा कि शासन के तीनों अंगों ने सर्वसम्मति से संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को रद्द कर दिया, जिससे जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना पूरा हो गया। उपराष्ट्रपति जम्मू-कश्मीर के कठुआ में 'बायोटेक स्टार्टअप एक्सपो' का उद्घाटन करने के बाद एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस एक्सपो का उद्देश्य पाकिस्तान से लगी अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित जिले को उभरते उद्यमियों के केंद्र के रूप में विकसित करना है। धनखड़ ने कहा, "प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली कार्यपालिका, विधायिका- लोकसभा और राज्यसभा- और न्यायपालिका को बधाई।



## जितेंद्र बोले, मुझसे बोलते समय गलती हुई

# भगवान राम को 'मांसाहारी' कहने वाले विधायक ने माफी मांगी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एनसीपी (शरद गुट) के विधायक जितेंद्र आव्हाड के भगवान राम को मांसाहारी कहने पर विवाद बढ़ने के बाद उन्होंने माफी मांग ली है। शिर्डी में कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान आव्हाड ने मीडिया से कहा- अगर किसी की भावनाओं को ठेस पहुंची हो तो मैं खेद व्यक्त करता हूं। वे चुनाव के लिए श्रीराम को ला रहे हैं, लेकिन हमारे राम हमारे दिलों में हैं। आव्हाड ने कहा कि सच कितना भी कड़वा क्यों न हो, जनभावनाओं को ध्यान में रखकर मैं खेद व्यक्त कर रहा हूं, यही हमें हमारे शरद पवार साहब ने सिखाया है।



#### इतिहास विकृत करना मेरा काम नहीं

इतिहास को विकृत करना मेरा काम नहीं है। लेकिन मैंने कल जो कहा वह बार-बार दोहराया गया। राम, भगवान श्रीराम, जिन्हें हम महाराष्ट्र में पांडुरंग हरि कहते हैं। उस राम के बारे में बात करते हुए मैंने कहा कि वह मांसाहारी थे। जो लोग इसके विरोध में खड़े हैं उनकी जानकारी के लिए बता दूं कि वाल्मिकी रामायण में 6 कांड हैं। मैं अयोध्या कांड के 52वें श्लोक 102 का सर्ग आप खुद ही पढ़िएगा, मैं नहीं पढ़ूंगा, क्योंकि मैं विवाद नहीं बढ़ाना चाहता।

## राहुल की मौजूदगी में पार्टी का विलय किया

# कांग्रेस में शामिल हुईं वाईएसआर तेलंगाना पार्टी की नेता शर्मिला

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाई.एस. राजशेखर रेड्डी की बेटी और युवजन श्रमिक रायथू तेलंगाना पार्टी (वाईएसआरटीपी) की संस्थापक वाई. एस. शर्मिला बृहस्पतिवार को यहां कांग्रेस में शामिल हो गईं। शर्मिला ने अपनी वाईएसआर तेलंगाना पार्टी के कांग्रेस में विलय की भी घोषणा की और कहा कि उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी वह उसे निभाएंगी। शर्मिला, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की मौजूदगी में कांग्रेस में शामिल हुईं।



#### कांग्रेस की सराहना की

कांग्रेस की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यह देश की सबसे बड़ी धर्मनिरपेक्ष पार्टी है क्योंकि यह अडिग तरीके से सभी समुदायों की सेवा करती है और सभी वर्गों के लोगों को एकजुट करती है। शर्मिला ने मंगलवार को हैदराबाद में अपनी पार्टी की बैठक की अध्यक्षता करने के बाद कहा था कि वह और पार्टी के अन्य नेता कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और राहुल गांधी सहित शीर्ष नेतृत्व से दिल्ली में मिलेंगे तथा एक "महत्वपूर्ण" घोषणा करेंगे।

## मोदी ने लक्षद्वीप में 'स्नॉर्कलिंग' की



**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में लक्षद्वीप द्वीप समूह की अपनी यात्रा के दौरान समुद्र के नीचे के जीवन का पता लगाने के लिए 'स्नॉर्कलिंग' का लुत्फ उठाया। मोदी ने समुद्र के नीचे का जीवन पता लगाने संबंधी तस्वीरें सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कीं और अरब सागर में स्थित द्वीपों में प्रवास के अपने 'उत्साहजनक अनुभव' को साझा किया। उन्होंने लिखा, "जो लोग रोमांचकारी अनुभव लेना चाहते हैं, लक्षद्वीप उनकी सूची में जरूर होना चाहिए। मेरे प्रवास के दौरान, मैंने स्नॉर्कलिंग की भी कोशिश की। यह कितना उत्साहजनक अनुभव था!" 'स्नॉर्कलिंग' एक लोकप्रिय गतिविधि है जहां लोग समुद्र की सतह पर तैरते हुए उसके नीचे के समुद्री जीवन का पता लगाते हैं। स्नॉर्कलर्स अपनी दृष्टि के लिए मुखौटा पहनते हैं, सांस लेने के लिए स्नॉर्कल पहनते हैं, और कभी-कभी दिशा और गति के लिए पंख पहनते हैं। बाद में प्रधानमंत्री कार्यालय के अधिकारियों की ओर से एक वीडियो भी साझा किया गया जिसमें प्रधानमंत्री समुद्र में डुबकी लगाते और पानी के अंदर मछलियों के बीच तैरते दिख रहे हैं। इस वीडियो में प्रधानमंत्री समुद्र तट पर बैठकर कुछ काम करते भी दिख रहे हैं।

## बाल आयोग का हरियाणा सहित 11 मुख्य सचिवों को नोटिस

# निजी तौर पर पेश होने के आदेश, मदरसों के गैर-मुस्लिम बच्चों का डेटा न देने पर एक्शन

### 12 जनवरी को पेश होना होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने 3 जनवरी को मदरसों में गैर-मुस्लिम बच्चों के एडमिशन के मामले पर 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को समन जारी किया। दरअसल, एनसीपीसीआर ने करीब साल भर पहले राज्यों को मदरसों में पढ़ने वाले गैर-मुस्लिम बच्चों का डेटा मांगा था। साथ ही इन बच्चों का एडमिशन रोकने के लिए एक्शन लेने का भी निर्देश दिया था। राज्यों की ओर से कोई कार्रवाई न होने पर आयोग ने यह एक्शन लिया है।

#### अनुच्छेद 28(3) का हवाला दिया



आयोग ने हरियाणा, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, अंडमान और निकोबार, गोवा, झारखंड, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, मेघालय और तेलंगाना के मुख्य सचिवों को व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा है। हरियाणा, आंध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिवों को 12 जनवरी को बुलाया गया है। जबकि अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और गोवा के मुख्य सचिवों को 15 जनवरी को बुलाया गया है। झारखंड के मुख्य सचिव को 16 जनवरी, कर्नाटक और केरल के मुख्य सचिव को 17 जनवरी, मध्य प्रदेश, मेघालय और तेलंगाना के मुख्य सचिवों को 18 जनवरी को बुलाया गया है। आयोग ने कहा था कि मदरसों में गैर-मुस्लिम बच्चों का एडमिशन स्पष्ट रूप से संविधान के अनुच्छेद 28(3) का उल्लंघन है, जो माता-पिता की सहमति के बिना बच्चों को किसी भी धार्मिक संस्थान में भाग लेने के लिए बाध्य करने से रोकता है।

## नौ केंद्रीय मंत्रियों का कार्यकाल हो रहा पूरा

# इस साल राज्यसभा से सेवानिवृत्त होंगे 68 सदस्य

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह सहित 57 नेताओं का कार्यकाल अप्रैल महीने में पूरा हो रहा।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नौ केंद्रीय मंत्रियों सहित राज्यसभा के 68 सदस्यों का कार्यकाल इस साल पूरा हो रहा है। इसके मद्देनजर संसद के उच्च सदन में छह साल के कार्यकाल के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं में होड़ शुरू हो गई है। इन 68 रिक्तियों में से दिल्ली की तीन सीटों के लिए पहले ही चुनाव की घोषणा हो चुकी है। आम आदमी पार्टी (आप) के संजय सिंह, नारायण दास गुप्ता और सुशील कुमार गुप्ता का कार्यकाल 27 जनवरी को पूरा हो रहा है। सिक्किम में राज्यसभा की एकमात्र सीट के लिए भी चुनाव की घोषणा की गई है जहां सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) के सदस्य हिशे लाचुंगपा 23 फरवरी को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

### उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक 10 सीट खाली हो रहीं, महाराष्ट्र और बिहार में छह-छह

#### हरियाणा में एक सीट होगी खाली



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह सहित 57 नेताओं का कार्यकाल अप्रैल महीने में पूरा हो रहा है। उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक 10 सीट खाली हो रही हैं। इसके बाद महाराष्ट्र और बिहार में छह-छह, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल में पांच-पांच, कर्नाटक और गुजरात में चार-चार, ओडिशा, तेलंगाना, केरल और आंध्र प्रदेश में तीन-तीन, झारखंड और राजस्थान में दो-दो और उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और छत्तीसगढ़ में एक-एक सीट खाली होनी है। चार मनोनीत सदस्य जुलाई में सेवानिवृत्त हो रहे हैं।


#### जेपी नड्डा हिमाचल से राज्यसभा सदस्य

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा अभी हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा के सदस्य हैं। लेकिन फिर से नामांकन के लिए उन्हें अपने गृह राज्य से बाहर किसी सीट की तलाश करनी होगी क्योंकि अब वहां कांग्रेस सत्ता में है। कांग्रेस कर्नाटक और तेलंगाना से अपने उम्मीदवारों को संसद के उच्च सदन भेजने की उम्मीद कर सकती है, जहां वह पिछले साल सत्ता में आई थी। जिन अन्य सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है उनमें बीजू जनता दल (बीजद) के प्रशांत नंदा और अमर पटनायक (ओडिशा), भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी (उत्तराखंड) और मत्स्य पालन मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला, कांग्रेस के नारणभाई राठवा और अमी याज्ञिक (सभी गुजरात) भी शामिल हैं।




दो दिवसीय दौरे पर विदेश मंत्री

# जयशंकर ने नेपाल के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की, द्विपक्षीय संबंधों पर व्यापक विचार-विमर्श किया



भाषा ▶▶ काठमांडू

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को यहां नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल और प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' से मुलाकात की तथा इस दौरान दोनों पक्षों ने सदियों पुराने, विशिष्ट तथा बहुआयामी नेपाल-भारत संबंधों पर व्यापक रूप से विचारों का आदान-प्रदान किया।

इस साल अपनी पहली विदेश यात्रा के तहत सुबह नेपाल पहुंचे जयशंकर ने प्रधानमंत्री प्रचंड से उनके कार्यालय सिंहदरबार में मुलाकात की और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से उन्हें शुभकामना प्रेषित की। बैठक के बाद जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री प्रचंड से मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। जून 2023 में हुई उनकी सफल भारत यात्रा का स्मरण किया जिसने हमारे संबंधों को नई गति प्रदान की है।" उन्होंने कहा कि भारत-नेपाल संबंध वास्तव में विशिष्ट हैं और हमारी साझेदारी क्रमिक रूप से सफलता की ओर बढ़ रही है।" प्रचंड ने कहा कि आज की बैठक में दोनों नेताओं ने सदियों पुराने, विशिष्ट और बहुआयामी नेपाल-भारत संबंधों पर व्यापक रूप से विचारों का आदान-प्रदान किया। इससे पहले जयशंकर ने यहां राष्ट्रपति कार्यालय शीतल निवास में राष्ट्रपति पौडेल से शिष्टाचार भेंट की।

### नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र से मिले

विदेश मंत्री ने 'एक्स' पर एक अन्य पोस्ट में कहा कि नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल से मुलाकात कर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं। भारत-नेपाल संबंधों की मजबूती और विस्तार के लिए उनके मार्गदर्शन तथा भावनाओं को महत्व देता हूं। राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि "राष्ट्रपति पौडेल ने नेपाल और भारत के बीच संपर्क, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने तथा जलविद्युत के क्षेत्रों में साझेदारी व सहयोग की जरूरत पर जोर दिया।"

यूएस में अलगाववादी पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश रचने का आरोप

# सुको से निखिल की याचिका खारिज

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता के परिवार के एक सदस्य द्वारा 'कांसुलर संपर्क' संबंधी याचिका को बृहस्पतिवार को खारिज कर दिया। निखिल अमेरिका में सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश रचने के आरोप में चेक गणराज्य की जेल में बंद है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि हम इससे ज्यादा कुछ नहीं कर सकते। आप 'वियना कन्वेंशन' के तहत 'कांसुलर एक्सेस' के हकदार हैं, जो आपको पहले ही मिल चुकी है।" पीठ ने गुप्ता के परिवार वालों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सी.ए. सुंदरम से कहा कि इस अदालत को विदेशी अदालत के अधिकार क्षेत्र और संप्रभुता तथा उस देश के कानून का सम्मान करना चाहिए और इसलिए वह मामले के गुण-दोषों पर नहीं जा सकते। जब सुंदरम ने यह कहने का प्रयास किया कि गुप्ता को एकांत कारावास में रखा गया है और अभियोग के बाद उन्हें कोई 'कांसुलर संपर्क' नहीं दिया गया, पीठ ने सुंदरम से कहा कि हम आपको विदेशी अदालत के बारे में कुछ भी बोलने की इजाजत नहीं देंगे।" सुंदरम ने कहा कि यह पूरी तरह से मानवाधिकार का मुद्दा है और उन्होंने भारतीय दूतावास और विदेश मंत्रालय से सहायता मांगी, लेकिन कोई मदद नहीं मिली।



■ उच्चतम न्यायालय ने कहा कि विदेशी कोर्ट का सम्मान करें

## खबर संक्षेप



### वाइस एडमिरल त्रिपाठी नौसेना के उपप्रमुख बने

**नई दिल्ली (भाषा)।** वाइस एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने बृहस्पतिवार को भारतीय नौसेना के उपप्रमुख का कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने वाइस एडमिरल संजय जे सिंह का स्थान लिया। उपप्रमुख के रूप में कार्यभार ग्रहण करने से पहले वाइस एडमिरल त्रिपाठी नौसेना के पश्चिमी कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

### हिज्बुल मुजाहिदीन का वांछित आतंकी गिरफ्तार

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने हिज्बुल मुजाहिदीन के एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, जावेद मट्टू जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद से जुड़े कई मामलों में वांछित था। मामले में अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

### 8 पूर्व नौसैनिकों की सजा के खिलाफ करेंगे अपील

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विदेश मंत्रालय के नए प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि कतर की कोर्ट ऑफ अपील ने 28 दिसंबर को फैसला सुनाया था। इसके बाद हमने बताया कि इन 8 लोगों की मौत की सजा पर रोक लगा दी गई है। हमारी कानूनी टीम के पास कोर्ट का ऑर्डर है। ये गोपनीय ऑर्डर है। आठों को अलग-अलग अवधि की सजा मिली है।

चीनी मीडिया ने प्रधानमंत्री की जमकर की तारीफ

# भारत आत्मविश्वास से भरा देश, मोदी की लीडरशिप में तेजी से आगे बढ़ रहा

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीन के मीडिया ने भारत की खुलकर तारीफ करते हुए उसे ताकतवर देश बताया है। सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की आर्थिक और विदेश नीति में सकारात्मक बदलाव हुआ है। वो तेजी से आगे बढ़ रहा है।

■ भारत की आर्थिक और विदेश नीति में सकारात्मक बदलाव हुआ

ग्लोबल टाइम्स में फुडान यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर साउथ एशियन स्टडीज के डायरेक्टर झांग जियाडोंग का एक आर्टिकल पब्लिश हुआ है। इसमें उन्होंने लिखा है- भारत अब रणनीतिक रूप से ज्यादा विश्वास से भरा हुआ है और अपने 'भारत नैरेटिव' को मजबूती के साथ आगे बढ़ा रहा है।

### दुनिया के लिए जरूरी है भारत



ग्लोबल टाइम्स के आर्टिकल में लिखा है- भारत आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। वो दुनिया के लिए महत्वपूर्ण देश बन गया है। वो ग्लोबल ट्रेड, कल्चर, इकोनॉमी, पॉलिटिक्स समेत कई मामलों में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। पिछले 10 साल में पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने इन सभी क्षेत्रों में बेहतर दृष्टिकोण अपनाया है।

### देखने को मिले बेहतर परिणाम

झांग जियाडोंग ने लिखा- हाल ही में मैं दूसरी विजिट पर भारत पहुंचा था। 4 साल पहले भारत का पहला दौरा किया था। मैंने देखा कि भारत की घरेलू और विदेश नीति चार साल में बिल्कुल बदल गई है। भारत ने आर्थिक विकास और सामाजिक शासन में काफी अच्छे रिजल्ट हासिल किए हैं।

### रूस भी कई मौकों पर कर चुका है तारीफ

#### पुतिन ने कहा था कि मोदी को डराया या धमकाया नहीं जा सकता



रूस भी कई मौकों पर भारत की तारीफ कर चुका है। 8 दिसंबर 2023 को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने मॉस्को में आयोजित 14वें वीटीबी इन्वेस्टमेंट फोरम 'रूस कॉलिंग' में मोदी की तारीफ की थी। उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी खुद रूस और भारत के रिश्तों की गारंटी हैं। उन्हें राष्ट्रीय हितों के विपरीत फैसले लेने के लिए डराया या मजबूर नहीं किया जा सकता। पुतिन ने कहा था- जब राष्ट्रीय हितों की रक्षा की बात आती है तो मोदी के सख्त रुख की तारीफ की जाती है। मैं कल्पना नहीं कर सकता कि मोदी को ऐसे कोई भी काम करने, कदम उठाने और निर्णय लेने के लिए डराया, धमकाया या मजबूर किया जा सकता है जो भारत और भारतीय लोगों के खिलाफ हों।



# यूएई ने रूस-यूक्रेन में सबसे बड़ी कैदियों की अदला-बदली हुई

एजेंसी ▶▶ कीव/मॉस्को

रूस और यूक्रेन के बीच 23 महीने से जारी जंग में सबसे बड़ा प्रिजनर एक्सचेंज यानी कैदियों की अदला-बदली हुई है। बुधवार रात यह प्रिजनर एक्सचेंज यूएई के अफसरों की मध्यस्थता और निगरानी में हुआ। रूस ने यूक्रेन के 230 नागरिकों को छोड़ा। यूक्रेन ने रूस के 248 कैदियों को रिहा किया। रूस की डिफेंस मिनिस्ट्री ने इसकी पुष्टि की है। जंग के बीच दोनों देशों में 48वीं बार प्रिजनर एक्सचेंज हुआ है।

■ 230 यूक्रेनी और 248 रूसी घर पहुंचे

### पांच महीने बातचीत चली

मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक दोनों देशों के बीच यूएई की मध्यस्था से कैदी अदला-बदली पर बातचीत पांच महीने से जारी थी। हालांकि, किसी भी पक्ष ने इस बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आने दी। रूस की डिफेंस मिनिस्ट्री ने कहाकि हमारे 248 नागरिक और सैनिक अपने घर पहुंच चुके हैं। इस डील को यूएई की मदद से पूरा किया गया है। हमारे यूएई के साथ बहुत अच्छे दोस्ताना रिश्ते हैं। यही बात यूक्रेन और यूएई के संबंधों के बारे में कही जा सकती है। जंग और तमाम तरह की पाबंदियों के बावजूद रूस और यूएई के बीच ट्रेड रिलेशन्स काफी मजबूत रहे हैं।

## पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा



■ कोलोराडो के इस फैसले को बदलने का अनुरोध

**वाशिंगटन(एजेंसी)।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी भागीदारी दर्ज कराने के लिए पुरजोर कोशिश कर रहे हैं। वह अब कोलोराडो की अदालत के फैसले के खिलाफ अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा रहे हैं। गौरतलब हैं कि 2021 में यूएस कैपिटल पर हमले में लगे आरोपों के कारण मेन और कोलोराडो ने पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को इस साल राज्यों में राष्ट्रपति पद से अयोग्य घोषित कर दिया है। इसी फैसले को बदलने का ट्रंप ने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया है। ट्रंप के वकीलों का कहना है कि कोलोराडो का फैसला सही नहीं है।

## ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम ने इजरायल पर लगाया आरोप, कीमत चुकानी पड़ेगी



■ ईरान में 103 लोगों की गई थी जान

■ जनरल सुलेमानी को याद करने जुटे लोगों पर हमला

**तेहरान (एजेंसी)।** ईरान के केरमन शहर में बुधवार को हुए दो बम धमाकों में 101 लोग मारे गए हैं। यह धमाका तब हुआ जब ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के पूर्व जनरल कासिम सुलेमानी की चौथी बरसी पर लोग उनकी कब्र के पास जमा हुए थे। इस धमाके के लिए अमेरिका ने इस्लामिक स्टेट या दूसरे कट्टर सुन्नी विचारधारा के संगठनों की ओर उंगली उठाई हैं। वहीं ईरान ने इजरायल पर इस भयावह हमले का आरोप लगाया है। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने इजरायल पर सीधा आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी लेकिन रायसी ने तत्काल कार्रवाई की बात नहीं की। इजरायल की बात करें तो उसने ईरान के साथ सीधे संघर्ष में उलझना नहीं चाहा है। उसकी लेबनान में हिजबुल्लाह और यमन में हूती विद्रोहियों से झड़पें होती रही हैं।

# अमेरिकी कोर्ट में महिला जज पर हमला

■ आरोपी ने जज की चेयर पर छलांग लगाई

■ जेल भेजे जाने के फैसले से नाराज था

**वाशिंगटन।** अमेरिका के लास वेगास में अदालत की सुनवाई के दौरान एक आरोपी ने महिला जज पर हमला कर दिया। आरोपी ने अचानक से टेबल से ऊपर से छलांग लगाते हुए महिला जज पर हमला बोल दिया और महिला जज को बुरी तरह पीटा। सब कुछ इतनी जल्दी हुआ कि अदालत में मौजूद सुरक्षाकर्मी और अन्य लोग महिला जज को बचा नहीं पाए। किसी तरह सुरक्षाकर्मियों ने आरोपी को काबू किया और फिलहाल उसे जेल भेज दिया गया है। यह पूरी घटना कोर्ट में लगे कैमरे में कैद हो गई।

### आरोपी हिरासत में नहीं था

घटना लास वेगास के रीजनल जस्टिस सेंटर की है। बुधवार को लास वेगास के निवासी आरोपी डियोब्रा डेलोन रेड्डेन (30 वर्षीय) को एक मामले में सुनवाई के लिए अदालत में पेश किया गया। क्लार्क काउंटी डिस्ट्रिक्ट जज मैरी के मामले की सुनवाई कर रहीं थी। जज ने आरोपी डियोब्रा को दोषी मानते हुए जेल भेजने का आदेश दिया।आरोपी डियोब्रा इतना नाराज हो गया कि उसने एकदम से मेज के ऊपर से छलांग लगाते हुए महिला जज पर हमला बोल दिया। घटना के वक्त आरोपी हिरासत में नहीं था। वीडियो में दिख रहा है कि आरोपी ने महिला जज की कुर्सी पर छलांग लगाई और जज को जमीन पर गिराकर लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया।

# महादेव ऐप मामले में ईडी ने नया आरोपपत्र दाखिल किया

भाषा ▶▶ नई दिल्ली/रायपुर

प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) ने महादेव ऑनलाइन बुक ऐप के जरिये गैरकानूनी सट्टेबाजी और गेमिंग से जुड़े कथित धनशोधन के मामले में रायपुर की विशेष अदालत में नया आरोपपत्र दाखिल किया। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संघीय एजेंसी ने दूसरी अभियोजन शिकायत (आरोप) को दुबई के अधिकारियों से भी साझा किया है ताकि ऐप के दो प्रमुख प्रवर्तकों रवि उप्पल और सौरभ चंद्राकर का निर्वासन या प्रत्यर्पण कराया जा सके। दोनों को हाल में ईडी की पहल पर इंटरपोल द्वारा जारी रेड नोटिस के तहत दुबई में हिरासत में लिया गया था।

### 10 को संज्ञान लेने की उम्मीद

माना जा रहा है कि एजेंसी ने पहले आरोप पत्र की सामग्री संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अधिकारियों से साझा की थी जिसके आधार पर दोनों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया और इंटरपोल ने रेड नोटिस जारी किया। सूत्रों ने बताया कि लगभग 1,700-1,800 पन्नों का नया आरोपपत्र एक जनवरी को दायर किया गया जिसमें पांच लोगों को आरोपी के रूप में नामित किया गया है। इनमें कथित कैश कूरियर असीम दास, पुलिस कांस्टेबल भीम सिंह यादव, ऐप से जुड़े एक प्रमुख कार्यकारी शुभम सोनी और अन्य शामिल हैं। ईडी के वकील सौरभ पांडे ने बताया कि विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत द्वारा 10 जनवरी को आरोपपत्र पर संज्ञान लेने की उम्मीद है।

### अमेरिका के पेरी के हाई स्कूल में गोलीबारी, कुछ लोग जख्मी : पुलिस

**पेरी (अमेरिका)।** अमेरिका में आयोवा के पेरी की पुलिस ने बृहस्पतिार को कहा कि शहर के एक हाई स्कूल में गोलीबारी की घटना में कई लोग जख्मी हुए हैं। सालाना छुट्टियों के बाद बृहस्पतिवार को पहली बार स्कूल खुला था। डलास काउंटी के शेरिफ एडम इंफेंट ने बताया कि सुबह सात बजकर 37 मिनट पर पेरी हाई स्कूल में गोलीबारी की सूचना मिली और पुलिसकर्मी सात मिनट के अंदर ही मौके पर पहुंच गए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को कुछ लोग जख्मी मिले, लेकिन वह यह पुष्टि नहीं कर सके कि उनकी संख्या कितनी है या उनकी स्थिति कैसी है। घटनास्थल पर आपात सेवा के कई वाहन पहुंच गए हैं। आयोवा का आपराधिक जांच प्रभाग इस घटना की जांच करेगा।

जापान में भूकंप के कारण मलबे में लोगों के फंसे होने की आशंका

# बचावकर्मी कड़ाके की ठंड में लोगों की तलाश में जुटे

एजेंसी ▶▶ सुजु (जापान)

जापान में इस सप्ताह की शुरुआत में आए विनाशकारी भूकंप के कारण पश्चिमी तट पर मलबे में फंसे जीवित लोगों की तलाश के लिए बचावकर्मी कड़ाके की ठंड में कड़ी मशक्कत कर रहे हैं। भूकंप के कारण कई मकान पूरी तरह से ढह गए, जिसमें कम से कम 78 लोगों की मौत हो गई और 51 लोग लापता हैं। अधिकारियों के मुताबिक, भारी बारिश और संभावित बर्फबारी के मद्देनजर भूस्खलन का खतरा बढ़ गया है। आधिकारिक तौर पर तीन शहरों में रातोंरात जारी की गई लापता लोगों की सूची में ऐसे व्यक्तियों की संख्या 15 से बढ़कर 51 हो गई, जिसमें 13 वर्षीय एक लड़का भी शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि लापता बताए जा रहे कुछ लोगों को ढूंढ लिया गया है लेकिन अभी और लोगों के नाम सामने आ रहे हैं। इशिकावा प्रान्त और आस-पास के इलाके सोमवार को 7.6 तीव्रता के भूकंप के झटकों से दहल गए थे। भूकंप का केंद्र टोक्यो से लगभग 300 किलोमीटर दूर नोटो के पास था। भूकंप के बाद, समुद्र में तीन फुट से अधिक ऊंची लहरें उठीं, जिसके बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई। विशेषज्ञों का कहना है कि बचाव अभियान के लिए शुरुआती 72 घंटे महत्वपूर्ण हैं क्योंकि उसके बाद, मलबे में फंसे लोगों के जीवित बचे रहने की संभावना बहुत कम हो जाती है।

### विनाशकारी भूकंप के बाद तबाही का मंजर



### मृतकों की संख्या 78 पहुंचने की घोषणा की

प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने बुधवार को कहा था, "40 घंटे से अधिक समय बीत चुका है। हम समय से लड़ रहे हैं।" उन्होंने बृहस्पतिवार को बचाव कार्यों के लिए भेजे जाने वाले सैनिकों की संख्या एक हजार से बढ़ाकर 4,600 करने की घोषणा की। नोटो प्रायद्वीप के दुर्गम स्थान होने की वजह से सैनिकों के वहां पहुंचने में मुश्किलें पेश आ रही हैं। कुछ क्षेत्रों में पानी, बिजली और दूर संचार सेवाएं अभी भी ठप हैं। इशिकावा के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को मृतकों की संख्या 78 पहुंचने की घोषणा की। मृतकों में से 44 लोग वाजिमा के, 23 लोग सुजु के और शेष व्यक्ति पांच शहरों के हैं। अधिकारियों के मुताबिक, भूकंप में 330 से अधिक लोग घायल हुए हैं। जिनमें से कम से कम 25 गंभीर रूप से घायल हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25